www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 228 । नर्मदापुरम, रविवार 24 नवंबर 2024 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

नर्मदापुरम में पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध — पृष्ठ 3
चिरागों की दुकान; हिंदी के विकास का लेखा-जोखा — पृष्ठ 4
कलेक्टर ने की बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों की हौसला अफजाई — पृष्ठ 6
मोदी के प्रति जनता के विश्वास की जीत — पृष्ठ 8

विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित

# झारखंड में फिर सोरेन, महाराष्ट्र में महायुति सरकार

- महाराष्ट्र में 48 सीटों पर सिमटा एमवीए
- झारखंड में 24 सीटों पर सिमटा एनडीए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** झारखंड और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने अपने-अपने यहां सत्तारूढ़ गठबंधन को शासन की बागडोर संभाले रखने का स्पष्ट जनादेश दिया है।


महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति ने प्रचंड जीत दर्ज की है जबकि झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया समूह को करीब दो-तिहाई बहुमत हासिल किया है। महाराष्ट्र में कांग्रेस, राकांपा (शरद पवार) और शिव सेना (यूबीटी) गठबंधन ने लोकसभा की सफलता के बाद राज्य में सत्ता वापसी को सपना संजोया था वह बिखर गया और उनका गठबंधन करीब 50 सीट के आसपास सिमट गया है। राज्य में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के धड़े और अजीत पवार के नेतृत्व वाले राकांपा ने प्रतिद्वंदी धड़ों को पीछे छोड़ दिया है। महाराष्ट्र के चुनाव में मतदाताओं ने कांग्रेस पार्टी के जनजातीय गणना और संविधान के लिए खतरे के मुद्दे के बजाय महायुति के विकास के नारे और कल्याणकारी योजनाओं का समर्थन किया है।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन महाराष्ट्र में अभूतपूर्व जीत हासिल की है जबकि झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन बड़े बहुमत के साथ पुनः वापसी कर रहा है। भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (रांकापा) के सत्तारूढ़ गठबंधन इस साल लोक सभा चुनाव में महाराष्ट्र में मिले आघात से उबरते हुए, विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत की ओर बढ़ रहा है। राज्य की 288 सीटों वाली विधानसभा के चुनाव की शनिवार को चल रही मतगणना के रुझानों के अनुसार, भाजपा-शिवसेना-रांकापा के महायुति गठबंधन को 169 सीटों पर जीत मिली चुकी है और 66 सीटों पर उसके उम्मीदवार बढ़त बनाये हुये हैं।

राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी महाविकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के उम्मीदवार 37 सीटों पर विजयी हुए हैं और 13 सीटों आगे चल रहे हैं। भाजपा को 92 सीटों पर जीत हासिल हुई है और 41 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, महायति में शिवसेना 43 पर जीत हासिल की है और 14 पर बढ़त बनाए हुए है, रांकापा को 34 पर जीत हासिल हुई है और सात पर बढ़त बनाये हुए है जबकि महायुति में शामिल जन सुराज्य शक्ति (जेएसएस) दो सीटों पर विजयी हुई है। गठबंधन के घटक राष्ट्रीय युवा स्वाभिमान पार्टी (आरवाईएसपी) एक सीट पर आगे है और राष्ट्रीय समाज राजर्षि शाहू विकास अघाडी ने एक सीट पर जीत हासिल की है।



मैं सभी समुदायों के लोगों और राज्य के सभी किसानों, महिलाओं, युवाओं को बहुमत के साथ वोट देने और इस चुनाव को सफल बनाने के लिए धन्यवाद देता हूं : **हेमंत सोरेन**, झामुमो नेता



यह विकास की जीत है। यह सुशासन की जीत है। एकजुट होकर हम और भी ऊंची उड़ान भरेंगे! एनडीए को ऐतिहासिक जनादेश देने के लिए महाराष्ट्र का हार्दिक आभार : **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री



जनता ने राजनीति का विकृत रूप देखा। भाजपा ने संविधान लोकतंत्र को कुचला। भाजपा ने उपचुनाव में सत्ता का दुरुपयोग किया : **अखिलेश यादव**, सपा नेता

| गठबंधन | सीटें |
|---|---|
| झारखंड (81) | |
| इंडिया- | 56 |
| एनडीए- | 24 |
| अन्य- | 01 |

| गठबंधन | सीटें |
|---|---|
| महाराष्ट्र (288) | |
| महायुति- | 234 |
| एमवीए- | 48 |
| अन्य- | 06 |

विपक्षी गठबंधन महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एमवीए) के घटक कांग्रेस पार्टी को 10 सीटों पर जीत हासिल हुई है और पांच पर उसके उम्मीदवार आगे चल रहे थे जबकि रांकपा (शरद पवार) को छह सीटों पर जीत मिली है और चार सीटों पर आगे चल रहे हैं। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को 17 सीटों पर विजय मिली है और तीन पर बढ़त बनाए हुये हैं। विपक्षी गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी को दो सीटें मिली हैं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी ऑफ इंडिया और राष्ट्रीय समाज पक्ष को एक-एक सीट मिली है। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तिहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) को एक सीट पर बढ़त थी जबकि एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार को विजय मिली हुई है और एक अन्य निर्दलीय उम्मीदवार आगे चल रहा था। महाराष्ट्र में भाजपा को करीब 26.72 प्रतिशत, शिवसेना 12.38, कांग्रेस को 12.24 प्रतिशत, राकांपा (शरद पवार) को 11.30 प्रतिशत, राकांपा (अजीत पवार) को 9.08 प्रतिशत, शिवसेना (यूबीटी) 10.04 प्रतिशत मत मिले हैं। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को 1.56 प्रतिशत मिला है।



### एकनाथ शिंदे ने लाडली बहनों, किसानों का आभार जताया

शिवसेना के नेता और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने महायुति की सफलता को प्रचंड जीत बताते हुए कहा कि यह सफलता 'न भूतो, न भविष्यति' है। उन्होंने इसके लिए 'लाडली बहनों, लाडले किसानों' और हर वर्ग के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। श्री शिंदे ने इसे महायुति सरकार के ढाई साल के काम का सफल बताया।

### उपचुनाव में सत्तारूढ़ दलों ने दिखाई मजबूती

महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा के साथ-साथ 15 राज्यों में 48 विधानसभा सीटों और दो लोकसभा सीटों पर भी चुनाव कराए गए थे। विधानसभा के उपचुनावों में सबसे चर्चित उत्तर प्रदेश के मुकाबलों में भाजपा और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) नौ में से सात सीटों पर जीत के साथ राजग का परचम ऊपर रखा जबकि पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान और असम में सत्तारूढ़ दलों ने अपनी मजबूत जमाए रखी है।

## वायनाड में प्रियंका गांधी की बड़ी जीत



केरल की वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चार लाख से अधिक मतों से विजयी घोषित हुई हैं। प्रियंका गांधी की इस जीत को लेकर उनकी पार्टी और समर्थक बेहद उत्साहित हैं। इस दौरान प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक भावुक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने वायनाड की जनता का धन्यवाद किया और जीत के इस सफर में उनके साथियों, परिवार और कार्यकर्ताओं का भी आभार व्यक्त किया। प्रियंका गांधी ने अपने पोस्ट में लिखा, मेरे प्यारे वायनाड की बहनें और भाइयों, मैं आपके द्वारा मुझे दिए गए विश्वास से अभिभूत हूं। मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि समय के साथ आपको यह महसूस हो कि यह जीत आपकी जीत है और जिस व्यक्ति को आपने अपना प्रतिनिधि चुना है, वह आपके सपनों और आकांक्षाओं को समझता है और आपके लिए लड़ता है, जैसे कि वह आपका अपना हो। मुझे संसद में आपकी आवाज बनने का इंतजार है।


### महाराष्ट्र के नतीजे अप्रत्याशित



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को झारखंड में इंडिया गठबंधन की जीत के लिए लोगों को धन्यवाद दिया और झारखंड मुक्ति मोर्चा तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जीत की शुभकामनाएं दी। कांग्रेस नेता ने महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव परिणामों को अप्रत्याशित बताया और कहा कि बाद में गठबंधन के हार के कारणों की समीक्षा की जाएगी। श्री गांधी ने कहा, झारखंड के लोगों का इंडिया गठबंधन को विशाल जनादेश देने के लिए दिल से धन्यवाद। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी, कांग्रेस और झामुमो के सभी कार्यकर्ताओं को इस विजय के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। प्रदेश में गठबंधन की यह जीत संविधान के साथ जल-जंगल-ज़मीन की रक्षा की जीत है। उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव परिणाम को चौंकाने वाला बताया और कहा, महाराष्ट्र के नतीजे अप्रत्याशित हैं और इनका हम विस्तार से विश्लेषण करेंगे।

उपचुनाव में कांग्रेस-भाजपा ने एक-एक सीट जीती

# विजयपुर में वन मंत्री रावत हारे, कांग्रेस के मल्होत्रा ने दर्ज की जीत





**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश की दो विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा और कांग्रेस ने एक-एक सीट पर जीत हासिल की है। श्योपुर जिले के विजयपुर विधानसभा सीट पर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत को हार का सामना करना पड़ा है। इस सीट से यहां कांग्रेस के मुकेश मल्होत्रा 7,364 वोटों से जीत गए। वहीं बुधनी से भाजपा के रमाकांत भार्गव ने कांग्रेस के राजकुमार पटेल को 13,901 मतों से पराजित किया। भाजपा अपनी परंपरागत सीट बुधनी जीत तो गई लेकिन पिछले चुनाव की तुलना में जीत का अंतर 87 प्रतिशत घट गया। इस प्रकार यह उपचुनाव भाजपा-कांग्रेस के लिए एक-एक से बराबरी वाला रहा। विजयपुर सीट कांग्रेस के पास ही थी, जो उसने जीत ली। वहीं, बुधनी सीट पर भाजपा ने अपना कब्जा बरकरार रखा।

विजयपुर में रामनिवास ने भाजपा में शामिल होने पर विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था, जिसके कारण उपचुनाव कराया गया। पार्टी ने उन पर भरोसा जताते हुए दांव लगाया पर वे हार गए। उन्हें कांग्रेस के मुकेश मल्होत्रा, जो वर्ष 2023 का चुनाव निर्दलीय लड़े थे, ने पराजित कर दिया। मतगणना शुरू होते ही भाजपा ने यहां बढ़त बना ली थी. लेकिन, 15वें राउंड में वोटों की गिनती होते-होते भाजपा की लीड कम होने लगी.

16वें राउंड में कांग्रेस को बढ़त मिल गई. इस राउंड में कांग्रेस के प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा 1842 मतों से आगे हो गए. 17वें राउंड में मुकेश को 4 हजार 925 वोटों की बढ़त मिल गई. 18वें राउंड में कांग्रेस की बढ़त हल्की सी घटकर 4747 वोट हो गई. 20वें राउंड में कांग्रेस ने 6 हजार 523 वोट की बढ़त ले ली. और, आखिरी में 21वें राउंड में मुकेश मल्होत्रा 7 हजार 228 वोटों से उपचुनाव जीत गए. बुधनी सीट केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के इस्तीफे से रिक्त हुई थी। परिणाम को शिवराज सिंह और भाजपा के अनुकूल नहीं कहा जा सकता क्योंकि पार्टी जीत के पिछले अंतर से काफी पिछड़ गई। बुधनी में भाजपा ने विदिशा के पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव पर दांव लगाया था। उन्हें 1,07,478 (50.32 प्रतिशत) मत मिले। कांग्रेस ने अपने अनुभवी नेता राजकुमार पटेल को मैदान में उतारा था। उन्हें 93,577 (43.82 प्रतिशत) मत मिले। विधानसभा चुनाव में बुधनी से शिवराज सिंह चौहान 1,04,947 मतों से विजयी हुए थे।

### हार के बाद रावत ने छोड़ा मंत्री पद

**श्योपुर, देशबन्धु।** विजयपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में हार के बाद रामनिवास रावत ने नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को इस्तीफा भेज दिया है। रामनिवास रावत मध्य प्रदेश सरकार में वन और पर्यावरण मंत्री हैं। माना जा रहा है कि उपचुनाव के नतीजे से उपजे राजनीतिक दबाव के चलते यह फैसला लिया गया है। विजयपुर विधानसभा सीट से रामनिवास रावत कांग्रेस के टिकट पर छह बार पहले चुनाव जीत चुके हैं।

### बुधनी में भाजपा के भार्गव विजयी



### लगातार बढ़ रहा भाजपा का ग्राफ



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी भाजपा का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। हमने 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल की। 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी 29 सीटें जीतीं। कांग्रेस और कमलनाथ का गढ़ कही जाने वाली छिंदवाड़ा सीट भी हमने जीती और उपचुनाव में अमरवाड़ा की विधानसभा सीट भी हम जीते। बुधनी में विजय हासिल की है। विजयपुर में हमारे प्रत्याशी रामनिवास रावत को भले ही पराजय का सामना करना पड़ा हो, लेकिन वहां हमारे वोट बढ़े हैं। मध्यप्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार प्रदेश के विकास की यात्रा को लगातार आगे बढ़ाती रहेगी और आने वाले चुनाव में हम विजयपुर में भी बड़ी जीत हासिल करेंगे।

### बुधनी में जीते, विजयपुर में हार का अंतर कम किया



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश के बुधनी में भी भाजपा ने जीत हासिल की है। विजयपुर में भाजपा 2023 के विधानसभा चुनाव में 18 हजार के हार के अंतर को इस उपचुनाव में 7 हजार के करीब लाने में सफल रही है। मैं विजयपुर के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं कि उन्होंने हर बूथ पर बहुत मेहनत और परिश्रम के साथ चुनाव लड़ा है। मैं सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से कहना चाहता हूं कि चिंता करने की बात नहीं है। भाजपा अगले चुनाव में विजयपुर विधानसभा में ऐतिहासिक मतों से जीत हासिल करेगी।

### विजयपुर में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की जीत



विजयपुर में कांग्रेस की जीत के बाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक्स पर लिखा, विजयपुर की जीत सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की जीत है. कार्यकर्ताओं ने सभी प्रकार की यातनाओं को सहन किया. पुलिस के डंडे और मुकदमे सहे। फिर भी डटे रहे। श्री पटवारी ने भाजपा पर प्रशासन का दुरुपयोग करने के आरोप लगाते हुए कहा, कलेक्टर, एसपी, तहसीलदार, थानेदार सहित पूरा तंत्र भी कांग्रेस के खिलाफ था. भाजपा समर्थित गुंडे, डकैत और माफिया मैदान में उतरकर चुनाव लड़ रहे थे, फिर भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बता दिया कि सच की ताकत कितनी बड़ी होती है। बब्बर शेर कार्यकर्ताओं ने इस जीत को कांग्रेस की झोली में डाला है।



# मप्र के 7 शहरों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे

**भोपाल,देशबन्धु।** लगातार चल रही सर्द हवाओं के कारण मध्य प्रदेश में अच्छी सर्दी पड़ने लगी है। इसी क्रम में शुक्रवार को सात शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक, वर्तमान में देश के पश्चिमोत्तर क्षेत्र में जेट स्ट्रीम (12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर पश्चिम से पूर्व की तरफ 250 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाओं का चलना) बना हुआ है। मध्य पाकिस्तान पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। राजस्थान पर एक प्रति चक्रवात भी बना हुआ है। प्रति चक्रवात के प्रभाव से लगातार सर्द हवाएं मध्य प्रदेश की तरफ आ रही हैं, जिससे तापमान में गिरावट का सिलसिला बना हुआ है। इसी क्रम में शुक्रवार को मध्य प्रदेश के सात शहरों में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे कम 8.1 डिग्री सेल्सियस तापमान मंडला में दर्ज किया गया। हिल स्टेशन पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस पर रहा। शुक्रवार को भोपाल में अधिकतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस, इंदौर में अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस, ग्वालियर में अधिकतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस,



न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस, जबलपुर में अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 9.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, राजस्थान पर बना प्रति चक्रवात कुछ कमजोर पड़ गया है। उधर, बंगाल की खाड़ी में भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है। इस मौसम प्रणाली के शनिवार को कम दबाव के क्षेत्र में परिवर्तित होने की संभावना है। इसके प्रभाव से हवाओं का रुख बदलने लगेगा, जिसके चलते रविवार से प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कुछ बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### भोपाल में टूटा 10 सालों का रिकार्ड

राजधानी में गुरुवार रात का तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो पिछले 10 वर्ष में नवंबर माह का सबसे कम तापमान रहा। इसके पहले 16 नवंबर 2013 को भोपाल का न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, हवाओं का रुख बदलने से रविवार रात के तापमान में बढ़ोतरी होने के आसार हैं।

## ब्रिज पर मिला युवक का शव, ठंड से मौत का अंदेशा

**भोपाल,देशबन्धु।** भोपाल में नवंबर महीने की ठंड का पिछले 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। इस बीच गुरुवार देर रात पुलिस ने एक युवक का शव भारत टाकीज ओवर ब्रिज से बरामद किया है, जिसकी मौत ठंड के कारण होने का अंदेशा जताया जा रहा है। हालांकि इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद हो सकेगा। बजरिया थाने के एसआई कुंज बिहारी सिंह ने बताया कि मृतक धुपेंद्र सिंह उम्र 41 वर्ष इंदौर जिले के एक गांव का रहने वाला था और शराब पीने का आदि था। वह बुधवार की शाम घर से बिन बताये निकला था। गुरुवार की देर रात उसका शव भारत टाकीज ओवर ब्रिज से बरामद किया गया था। उसके शरीर पर एक पतली सी शर्ट थी और पेंट थी। ऐसे में आशंका है कि ठंड के कारण उसकी मौत हुई होगी हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही हो सकेगी। फिलहाल पुलिस मर्ग दर्ज कर विवेचना कर रही है।

# कलियासोत बांध में कूदी नव विवाहिता, मौत

## सहेलियों के साथ घूमने गई थी फोन पर भाई से कहा, पति-सास से बहुत परेशान हूं

**भोपाल,देशबन्धु।** एक नव विवाहिता ने शुक्रवार दोपहर कलियासोत बांध में कूदकर अपनी जान दे दी। सुसाइड से पहले उसने भाई से फोन पर कहा-पति और सास से बहुत परेशान हूं। इसलिए मैं मर रही है। भाई-बहन के बीच इस बातचीत का ऑडियो भी सामने आया है।

रातीबड़ थाना के प्रभारी रास बिहारी शर्मा ने बताया कि, नेहा पाटिल पति रोहित पाटिल उम्र 24 वर्ष निवासी कोलार दो सहेलियों के साथ शुक्रवार को दोपहर 12 बजे कलियासोत बांध घूमने आई थी। इसी बीच किसी का फोन आया, जिस पर बात करते हुए उसने अचानक बांध में छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से महिला को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। लिहाजा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

नेहा के भाई रोशन ने बताया कि, नेहा और रोहित की शादी दो साल पहले हुई थी। दोनों की फिलहाल कोई संतान नहीं थी। नेहा जेके हॉस्पिटल में कम्प्यूटर ऑपरेटर की काम करती थी, जबकि रोहित नगर निगम में किसी अधिकारी की गाड़ी चलाता है। नेहा आज सुबह नौकरी पर जाने का कहकर घर से निकली थी। इसके पूर्व फोन पर नेहा और रोहित में विवाद हुआ था। पति ने कुछ अपशब्द कहे थे। इसके बाद बहन ने मुझे फोन किया और बोली कि पति और सास बहुत परेशान कर रहे हैं। इसलिए मैं जान दे रहू हूं। फिलहाल पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

उधर मृतका के मायके वालों ने नेहा दहेज के लिए प्रताड़ित करने के आरोप पति और सास पर लगाए हैं। उनका आरोप है कि मनमर्जी का सामान दहेज में नहीं मिलने को लेकर पति और सास उसे तानाकशी करते थे। आए दिन घर से निकालने की धमकी दी जाती थी। इसी बात को लेकर पूर्व में भी कई बार दोनों के बीच विवाद हुआ है।

# भोपाल विमानतल पर मुद्रा बदलने के लिए काउंटर शुरू

## विदेश यात्रा करने वाले यात्रियों को होगी सहूलियत

**भोपाल,देशबन्धु।** राजधानी के राजा भोज अंतरराष्ट्रीय विमानतल पर यात्रियों के लिए एक नई सुविधा शुरू हो गई है। अब यहां मुद्रा बदलने के लिए काउंटर भी खुल गया है। विमानतल निदेशक रामजी अवस्थी ने शुक्रवार इस काउंटर का विधिवत पूजन कर उद्घाटन किया।

राजा भोज विमानतल पर अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं की दृष्टि से यह अहम सुविधा है। इससे अब विमानतल पर आने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को अपनी मुद्रा बदलने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। वहीं इस काउंटर के खुलने के साथ राजा भोज विमानतल' से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें जल्द शुरू होने की संभावना को भी बल मिला है। विमानतल निदेशक रामजी अवस्थी के अनुसार दो साल में राजा भोज एयरपोर्ट पर यात्रियों को कई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। अब यह अंतरराष्ट्रीय विमानतल जैसी सुविधाओं के साथ देश का प्रमुख विमानतल बन गया है। पीआरएस सिद्धार्थ



यादव ने बताया कि राजा भोज विमानतल पर यात्रियों की सुविधाओं को लेकर विमानपत्तन प्राधिकरण पूरी तरह सजग है और इस दिशा में निरंतर नई सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं। क्लब सेवन नामक कंपनी मुद्रा बदलने के काउंटर को चलाएगी। इस काउंटर के उद्घाटन के मौके पर कमांडेंट अतुल कुमार, मानसिंह ,आलोक त्रिपाठी, शिवनारायण पटेल, कॉमर्शियल हेड केपी सिकरवार समेत कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

गौरतलब है कि राजा भोज अंतरराष्ट्रीय विमानतल को कुछ माह पहले ही कस्टम दर्जा मिला था। यहां इमिग्रेशन विंग भी बना लिया गया है और ई-गेट भी बनकर तैयार हो गए हैं। हालांकि फिलहाल भोपाल से एक भी अन्तर्राष्ट्रीय उड़ान नहीं है। लेकिन जो यात्री भोपाल से दिल्ली एवं मुंबई से होते हुए अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से विदेश जाते हैं, उन्हें यहां पर मुद्रा बदलने के लिए काउंटर खुलने से सुविधा हो जाएगी। ऐसे यात्रियों को संबधित देश की मुद्रा भोपाल में ही मिल जाएगी। इससे समय बचेगा।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

## बैरसिया में बहन के घर से लौट रहा था

## सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी

**भोपाल,देशबन्धु।** भोपाल से सटे ग्रामीण इलाके बैरसिया में सड़क पार कर रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया है कि वह अपनी बहन के ससुराल से घर जाने के लिए निकला था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी वाहन और चालक की पहचान फिलहाल नहीं की जा सकी है।

पुलिस के मुताबिक नीलेश सेनी पुत्र लल्लू सेनी उम्र 32 वर्ष मूल रूप से गंजबासौदा का रहने वाला था। वह फिलहाल विदिशा रोड पर सूखी सेवनिया स्थित एक ढाबे पर काम करता था और वहीं रहता भी था। गुरुवार दोपहर को नीलेश बैरसिया के रूनाहा में रहने वाली बड़ी बहन कमला सेनी से मिलने गया था। रात करीब 11 बजे बहन से मिलकर घर जाने के लिए निकला था। इस दौरान रूनाहा जोड़ पर सड़क पार करते वक्त अज्ञात कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। कार सहित चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी पहचान के लिए आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की तस्वीरें खंगाल रही है।

### 2 साल से भोपाल में रह रहा था

मृतक के भाई सुरेश सेनी ने बताया कि नीलेश दो साल पहले काम-धंधे की तलाश में भोपाल आया था। वह यहां तंदूरी रोटी बनाने का काम करता था। भोपाल में बसने का उसका सपना था। उसे 20 हजार रुपए की तनख्वाह मिलती थी। परिवार वाले उसकी शादी कराने के लिए लड़की भी तलाश रहे थे। इससे पहले ही उसकी मौत हो गई।

## 11 महीने कोमा में रहे पीएचडी छात्रा ने तोड़ा दम

उधर, सड़क हादसे में घायल होने के बाद 11 महीने कोमा में रहे पीएचडी छात्रा ने बीती रात दम तोड़ दिया। बागसेवनिया थाना पुलिस ने बताया कि 24 वर्षीय शिवम तिवारी मूलत- सागर जिले का रहने वाला था। भोपाल में वह बागसेवनिया थाने के पीछे स्थित केन्द्रीय संस्कृत विद्यालय में पढ़ाई कर रहा था। वह यहां से पीएचडी कर रहा था। जनवरी के महीने में वह अपनी मोटरसाइकिल से विद्यालय से बाहर निकालकर जैसे ही सड़क पर आया वैसे ही किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक वाहन को लेकर भाग निकला। शिवम तिवारी को इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया था। उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। जिसके कारण हादसा होने के बाद से ही वह कोमा में चला गया था। दस महीने तक उसका इलाज चला लेकिन वह कोमा की अवस्था से बाहर नहीं आया। बीती रात उसकी एम्स में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आज पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# दीपक एडवरटाइजिंग इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा हुई सूचीबद्ध

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यभारत की नं. 1 क्रिएटिव और मीडिया एजेंसी दीपक एडवरटाइजिंग को उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। इसके तहत राष्ट्रीय स्तर पर इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा हुई कठिन चयन प्रक्रिया में दीपक एडवरटाइजिंग सूचीबद्ध हुई है। डिजिटल इंडिया के अंतर्गत आने वाले सभी प्रकल्पों का प्रचार, प्रसार करने के लिए होने वाले इवेंट्स के प्रमोशन में एजेंसी की सक्रिय भागीदारी रहेगी।



कंपनी के एमडी दीपक जेठा ने बताया कि एजेंसी अपनी क्रिएटिव व डेडिकेटेड टीम, अपने विज़न, प्रतिबद्धता, उत्कृष्ट क्लाइंट सर्विसेज के कारण सदा सफलता के पथ पर अग्रसर रही है। गत माह एजेंसी ने 28 वर्ष पूर्ण किये हैं जिसके बाद मिलने वाली यह उपलब्धि अहम है। एडवरटाइजिंग इंडस्ट्री में प्रमुखता के साथ काम कर रही दीपक एडवरटाइजिंग एजेंसी क्रिएटिव एडवरटाइजिंग, इवेंट मैनेजमेंट, प्रिंट मीडिया, आउटडोर व कम्युनिकेशन क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर गवर्मेंट और प्राइवेट क्षेत्र के क्लाइंट्स को सेवाएं दे रही है।

उल्लेखनीय है कि दीपक एडवरटाइजिंग मध्य भारत की एकमात्र प्रसार भारती आदि द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंसी है और इंडियन रेलवे, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, अवंतिका गैस लि, जैसे अन्य महत्वपूर्ण सरकारी महकमों को भी सेवाएं दे रही है।

# रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल ने साउथ अफ्रीका से आए रोटरी अतिथियों का स्वागत किया



**भोपाल,देशबन्धु।** रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल द्वारा आज रोटरी डिस्ट्रिक्ट 9350 (साउथ अफ्रीका ) रोटरी फ्रेंडशिप एक्सचेंज के प्रोग्राम मे दस रोटरी मित्र भोपाल के तीन दिवसीय यात्रा में आज क्लब की सभा में उपिस्थित हुए।

सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व रो.कला मोहन द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुति की गई।.क्लब अध्यक्ष रो.मनोज झा ने अतिथियों का स्वागत किया। क्लब इंटरनेशनल डायरेक्टर रो.सुनील भार्गव क्लब के गतिविधि के बारे में बताया।.टीम लीडर पीडीजी रो. शान बिस्मान सायमन ने अपने भाषण में डिस्ट्रिक्ट 9350 के बारे में विस्तार से बताया। क्लब अध्यक्ष रो. मनोज झा ने क्लब धवज का एक्सचेंज किया व स्मृति चिन्ह दिये। क्लब सह सचिव रो.ऋतुराज परमार ने क्लब के आगे की गतिविधि के बारे में बताया। पीडीजी एवं चीफ कॉर्डिनेटर रो.जिनेंद्र जैन व पीडीजी धीरन दत्ता का क्लब द्वारा स्वागत किया गया। डिस्ट्रिक्ट 9350 के रो.किम क्रॉस्बे,पीटर एंड जुड़ियाँ,ग्राम एंड जाकिस,रेनोर्ड एंड स्मार्लदा,रिचर्ड झोन एंड क्रिस्टा कुक ने अपना परिचय दे कर क्लब गतिविधि का वर्णन किया। रो.रोहित पांडे ने कार्यक्रम का संचालन किया व रो.प्रखर तिवारी ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। इस सभा में अन्य क्लबों से अध्यक्ष व सचिव एवम क्लब सदस्य केजी बंसल, तजवार ख़ान, जीके छिब्बर, विश्वास घुसे, संजय दुबे आदि रोटेरियन उपस्थित थे।

## डीजीआरओ को शिकायत दर्ज कराएं

**भोपाल,देशबन्धु।** राष्ट्रीय खादय सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत बाह्य शिकायत निवारण तंत्र जिला शिकायत निवारण अधिकारी डीजीआरओ को शिकायत दर्ज कराने के प्रावधान है। प्रावधान अनुसार आम नागरिक सीएम हेल्पलाइन 181 पर कॉल करके अथवा ऑनलाईन भी डीजीआरओ को शिकायत दर्ज करा सकते है। आम नागरिकों द्वारा सीएम हेल्पलाइन 181 पर डीजीआरओ से संबंधित 4 श्रेणी की शिकायतें दर्ज कराई जा सकती है। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि डीजीआरओ को प्रस्तुत पात्रता पर्ची न मिलने से राशन न मिलने एवं अन्य संबंधी जिला शिकायत निवारण अधिकारी, डीजीआरओ को प्रस्तुत उचित मूल्य की दुकान से राशन न मिलने एवं अन्य संबंधी जिला शिकायत निवारण अधिकारी,डीजीआरओ को प्रस्तुत शालाओं में मध्यान भोजन न मिलने एवं अन्य संबंधी जिला शिकायत निवारण अधिकारी, डीजीआरओ को प्रस्तुत आंगनबाड़ी में खाद्यान न मिलने एवं अन्य संबंधी जिला शिकायत निवारण अधिकारी को शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

## राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप के लिए मप्र की टीम में समीक्षा का चयन



**इटारसी, देशबन्धु।** नगर की उदीयमान हॉकी खिलाड़ी समीक्षा सराठे का चयन राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। हॉकी इंडिया के तत्वावधान में यह प्रतियोगिता 26 नवंबर से सिकंदराबाद में आयोजित की जाएगी। 14 वीं राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु मध्य प्रदेश टीम घोषित कर दी गई है, इस टीम में नगर की समीक्षा सराठे। लोक बहादुर महासचिव हॉकी मध्य प्रदेश के अनुसार चयनित टीम 24 नवंबर को सिकंदराबाद के लिए रवाना होगी तथा 26 नवंबर को पहला मैच खेलेगी।

**ये हैं खिलाड़ियों के नाम** - जानवी परमार मुरैना, राधिका दंडोतिया ग्वालियर, रोनक परमार मुरैना, कनकपाल इंदौर, गुनगुन कौर ग्वालियर, स्नेहा दावदे बड़वानी, हिरवा पुरोहित मंदसौर, सुजाता जयंत मुरैना, रूबी राठौड़ ग्वालियर, कृष्णा शर्मा ग्वालियर, नौशीन नाज सिवनी, तन्वी ग्वालियर, महजबी मिर्जा सागर, चंचल अग्रवाल जबलपुर, शालू गुना, समीक्षा सराठे होशंगाबाद, केशर बड़वानी, उमरा खान भोपाल एवं कोच आकांक्षा परमार व मैनेजर देवकीनंदन शामिल हैं।

# सभी अस्पतालों में आगजनी से निपटने के पुख्ता इंतजाम हों: कलेक्टर

## जिला स्वास्थ्य समिति और टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**भोपाल,देशबन्धु।** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए जिला स्वास्थ्य समिति एवं टास्क फोर्स बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। जिसमें पल्स पोलियो, डीपीटी टीकाकरण, सांस कार्यक्रम, पुरुष नसबंदी पखवाड़ा, आयुष्मान भारत कार्यक्रम सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर चर्चा की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी अस्पतालों में आगजनी से निपटने के पुख्ता इंतजाम हों। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अस्पतालों की फायर एनओसी की जांच कर औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पतालों में पर्याप्त साफ - सफाई रखने के निर्देश देते हुए कहा कि जयप्रकाश जिला चिकित्सालय एक आदर्श अस्पताल के रूप में संचालित है, इसलिए यहां पर हर समय साफ- सफाई रखी जाए। साथ ही मरीजों को उपचार लेने में कोई असुविधा न हो। बैठक में जिले में निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित निर्माण कार्यों की जानकारी ली गई।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पड़ोसी देशों में पोलियो के केस अभी भी आ रहे हैं, इसलिए 5 साल तक के बच्चों को 8 दिसंबर, को पोलियो बूथ पर ले जाकर दवा सेवन करवाया जाए। अभियान की तैयारियों के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में टास्क फोर्स बैठक आयोजित की जावे। महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग को पोलियो अभियान में सहयोग करने के निर्देश दिए गए।





बैठक में आयुष्मान भारत निरामयम योजना की समीक्षा में बताया गया कि जिले में 95 फ़ीसदी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड पूर्व में बनाए जा चुके हैं। 70 साल एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठजनों और भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार मंडल श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि अनुविभागीय अधिकारी अपने क्षेत्रों में शिविर लगाएं और इन शिविरों में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बनाना सुनिश्चित करें। मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान बताया गया कि भोपाल जिले में इस वर्ष 91त्न महिलाओं का एएनसी पंजीयन किया जा चुका है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान एवं हाईरिस्क प्रेगनेंसी क्लीनिक के माध्यम से प्रेगनेंसी इंड्यूस्ड हाइपरटेंशन एवं गंभीर एनीमिया की महिलाओं को चिह्नांकित कर समय पर प्रबंधन किया जा रहा है। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ऋतुराज, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी, सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारियों सहित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, शासकीय एवं निजी मेडिकल कॉलेज, नगर निगम, महिला एवं बाल विकास, गैस राहत विभाग , शिक्षा विभाग, आयुष विभाग, कस्तूरबा अस्पताल, रेलवे अस्पताल, ईएसआई, पुलिस चिकित्सालय, मिलिट्री चिकित्सालय, सीआरपीएफ , इंडियन एकेडमी ऑफ़ पीडियाट्रिक, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, फ़ोग्सी, नर्सिंग कॉलेज संगठन, विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ,यूएनडीपी, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, जन अभियान परिषद के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## समूह जलप्रदाय योजनाओं की समीक्षा की

उधर, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले की प्रगतिरत समूह जलप्रदाय योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जिले में स्वीकृत दो समूह जल परियोजनाएं-केरवा समूह जल परियोजना, जिसमें 74 ग्राम पंचायतें सम्मिलित हैं और हलाली समूह जल परियोजना, जिसमें 36 ग्राम शामिल हैं, का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। इन परियोजनाओं से लगभग 2 लाख नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। अब तक परियोजनाओं का 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर श्री सिंह ने जिला पंचायत सीईओ को समूह नल जल परियोजनाओं का निरीक्षण करने और एसडीएम को एकल जल परियोजनाओं की मॉनीटरिंग हेतु लाभांवित ग्राम पंचायतों का भ्रमण करने के निर्देश दिए। साथ ही जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर परियोजनाओं की प्रगति और गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को कार्य गुणवत्तापूर्ण और तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## सैना की टीम ने केवीएम स्कूल जमानी में लगाया स्वास्थ्य शिविर



**इटारसी, देशबन्धु।** इंडियन आर्मी के विक्टर क्रॉस इंजीनियरिंग रेजीमेंट बटालियन 102 के 60 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में साइकिल रैली आयोजित की जा रही है, जो 11 दिनों में 600 किलोमीटर की यात्रा करेगी। इस दौरान आज स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। रेजीमेंट के साथ सेना मेडिकल ऑफिसर डॉ मेजर पूजा राज अपनी पूरी टीम के साथ केवीएम स्कूल जमानी के प्रागंण में पहुंची। यहां सैकड़ों मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयों का वितरण भी किया। इस मौके पर रेजीमेंट प्रमुख के रूप में अभिजीत श्रीवास्तव, डीएस कौशल, आरएन गोस्वामी, प्रवीण पाटिल, सुरेश, वीरेन्द्र सिंह, राकेश एवं पूरी टीम का स्वागत तिलक सिंदूर समिति अध्यक्ष नारायण बावरिया, केवीएम स्कूल के संचालक डॉ सुभाष दुबे, समाज सेवी हेमंत दुबे, डोबी तालपुरा सरपंच डोरी लाल चीचाम, जनपद सदस्य सुनील नागले, मीडिया प्रभारी विनोद बारिवा, संजय तुमराम, पराग दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### डोमरा व कायरी में बनाये गए वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड

**हरदा, देशबन्धु।** आयुष्मान भारत योजना के तहत अब 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वृद्धजनों को 5 लाख रूपये तक के निशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी। कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर जिले में शिविर लगाकर 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि जिले के दूरस्थ वन ग्राम डोमरा एवं कायरी में नेटवर्क न होने पर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं सीएचओ आशा कार्यकर्ता द्वारा जहां नेटवर्क उपलब्ध हो रहा है, ऐसे ऊँचे टीलों पर बैठकर 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये।

### गोविंद विश्वकर्मा का निधन

**खिरकिया, देशबन्धु।** स्व.अशोक विश्वकर्मा (सर),सत्यनारायण विश्वकर्मा, सन्तोष विश्वकर्मा के पिताजी एवं सौरभ विश्वकर्मा, अंकुश विश्वकर्मा (पत्रकार) के दादाजी विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नागरिक गोविंद प्रसाद विश्वकर्मा (मिस्त्री) का निधन 22 नवंबर की शाम को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को खिरकिया मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर समाजजनों, स्नेहीजनों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

### मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के 13 प्रकरण दर्ज

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग के दल ने गुरूवार व शुक्रवार को मदिरा के अवैध निर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी रीतेश कुमार लाल ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने जिले के ग्राम अबगांव खुर्द, भुन्नास, आलनपुर, आदमपुर, दूध डेयरी मोहल्ला, टंकी मोहल्ला, पीलियाखाल, पिपल्या, जूनापानी, दीपगांवकला, व सिराली में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 61 पाव देशी शराब, 14 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब व 630 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत 13 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 70070 रूपये है।

### हरदा जिला कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक 25 को

**हरदा, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी ठाकुर सुरेंद्र सिंह शेरा एवं सह प्रभारी रचना जैन की उपस्थिति में 25 नवंबर (सोमवार) को ब्लॉक कांग्रेस कमेटीयो की संगठनात्मक एवं आगामी कार्यप्रणाली पर चर्चा हेतु महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओम पटेल ने बताया कि बैठक खिरकिया में सुबह 10-30 बजे, राजपूत छात्रावास, हरदा में दोपहर 2-30 बजे, होटल बागवान पैलेस, टिमरनी में शाम 4-30 बजे, ओमकार धर्मशाला में आयोजित होगी। बैठक का उद्देश्य संगठनात्मक सुदृढ़ता एवं आगामी कार्ययोजनाओं पर विचार-विमर्श करना है। उन्होंने बैठक में पार्टी के विधायकगण, प्रदेश पदाधिकारी, जिला कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्षगण, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, मोर्चा संगठन, विभाग प्रकोष्ठ, सेक्टर मंडलम के पदाधिकारी एवं सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उपस्थित होने की अपील की।

### 25 नवंबर को विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** प्रबंधक (शहर) जोन-1, म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. नर्मदापुरम ने जानकारी देते हुए बताया 25 नवंबर को प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक 11 के.व्ही. लाईन एवं उपकेन्द्र का मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा, जिसके चलते विभिन्न क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। बताया गया कि 25 नवंबर को ग्वालटोली सब स्टेशन का मेंटेनेंस के चलते प्रभावित क्षेत्र सिंधी कालोनी, किरन होटल, नुक्कड़ चौक, काली मंदिर, लश्कर चौक, नर्मदा कालोनी, आदमगढ़, बंगाली कालोनी एवं अन्य संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सोहागपुर में विशेष कैंप 24 को

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसी क्रम में नगर पलिका परिषद सोहागपुर द्वारा 23 एवं 24 नवंबर को कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। विशेष अभियान के लिए कार्यालय नगर परिषद सोहागपुर में कंट्रोल रूम स्थापित कर अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई भी लगाई गई है। उक्त ड्यूटी आदेशानुसार संजय परसाई योजना प्रभारी को कंट्रोल रूम प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार संजीव दुबे विनियमित कर्मचारी को सहायक, जय सिंह राजपूत कम्प्यूटर ऑपरेटर (दै.वे.भो) को सहायक एवं राजेश रघुवंशी दै.वे.भो को सहायक नियुक्त किया गया है। उपरोक्त कर्मचारी वार्डवार आयुष्मान कार्ड में ड्यूटीरथ वार्ड प्रभारियों से प्रति 2 घंटे की रिपोर्ट एवं लाईव लोकेशन प्राप्त कर मुख्य नगरपालिका अधिकारी सोहागपुर को अवगत कराऐंगे।

### काल भैरव जयंती पर हुए हवन-भंडारे



**इटारसी, देशबन्धु।** नगर में भगवान काल भैरव की जयंती के उपलक्ष्य भैरव मंदिरों में हवन-पूजन एवं भंडारे आयोजित किये। पूड़ी लाइन स्थित प्राचीन काल भैरव के मंदिर में समिति के द्वारा जयंती के उपलक्ष में शनिवार को शाम को शाम 5 बजे हवन पूजन किया एवं आरती की। नर्मदा पुरम मुख्य मार्ग स्थित काल भैरव बाबा मंदिर धौंखेड़ा तिराहे पर विशेष पूजन-अर्चन, हवन आरती और प्रसाद वितरण किया गया जहां हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# नर्मदापुरम में पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध

## उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम जिले में बढ़ती पर्यावरणीय समस्याओं और किसानों द्वारा पराली जलाने से होने वाले नुकसान को देखते हुए अपर कलेक्टर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में खेतों में पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह निर्णय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों और पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से लिया गया है।

पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए अपर कलेक्टर ने कहा कि इससे न केवल मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम होती है बल्कि हानिकारक गैसों का उत्सर्जन भी होता है जो पर्यावरण को प्रदूषित करता है। इसके अलावा, पराली जलाने से अक्सर आग लगने की घटनाएं होती हैं जिससे जन-धन की हानि होती है। अपर कलेक्टर ने किसानों को आश्वस्त किया कि पराली के निस्तारण के लिए कई वैकल्पिक तरीके उपलब्ध हैं। किसान रोटावेटर और अन्य उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग कर पराली का प्रबंधन कर सकते हैं। इसके अलावा, पराली का उपयोग खाद बनाने, बायोगैस उत्पादन और अन्य उपयोगी कार्यों में किया जा सकता है। आदेश के उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश शासन, पर्यावरण विभाग भोपाल तथा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1981) में निहित प्रावधानों के अंतर्गत अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाएगा।

**जिला प्रशासन का आह्वान**- जिला प्रशासन ने सभी किसानों, ग्रामीणों और अन्य संबंधित पक्षों से इस आदेश का पालन करने का आह्वान किया है। सभी से अपील की गई है कि वे पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें और पराली जलाने की प्रथा को त्याग दें। अतिरिक्त जिला दण?डाधिकारी नर्मदापुरम डीके सिंह ने निर्देशित किया है कि उक्त आदेश की सूचना समस्त नगरपालिका/नगर परिषद कार्यालय, समस्त अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय, समस्त तहसील कार्यालय, समस्त कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय, समस्त पुलिस थाना, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कार्यालय, जिला नर्मदापुरम के सूचना पटल एवं क्षेत्र के अन्य प्रमुख सहगोचर सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कर प्रदर्शित की जावे। साथ ही नर्मदापुरम जिले की सूपर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में मुनादी करवाई जाए। संबंधित क्षेत्र के कार्यपालिक दंडाधिकारी एवं पुलिस थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र का सतत भ्रमण कर उक्त व्यवस्था सुनिश्चित कराये।

## वन सुरक्षा समिति स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**हरदा, देशबन्धु।** वन विभाग वन मंडल हरदा सामान्य द्वारा ग्राम के युवाओं में खेलों एवं वन सुरक्षा, वन्य प्राणी सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा आदि के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से वन परिक्षेत्र हंडिया के ग्राम झिरी में खेल एवं जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत वन सुरक्षा समिति स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया



।कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि रामविलास उइके जनपद सदस्य,शंकर लाल सरपंच ग्राम पंचायत गोठानिया, दगडू पटेल वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष झिरी,रामकृष्ण उइके समिति अध्यक्ष रेसलपुर ,अनोखी लाल मर्सकोले समिति अध्यक्ष झल्लार, सुरेश सोनवंशी वन परिक्षेत्र अधिकारी हंडिया सामान्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं टॉस कराकर खेल का शुभारंभ कराया। इस प्रतियोगिता में वन समिति बंदी, झल्लार, रेसलपुर, झिरी, की कबड्डी टीमों ने हिस्सा लिया। सभी टीमों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया, कबड्डी प्रतियोगिता रात 7 बजे तक चली। वन सुरक्षा समिति झिरी की टीम विजेता रही एवं वन सुरक्षा समिति गोठानियां बंदी की टीम उपविजेता रही। विजेता टीम को 5001 रुपए एवं उपविजेता टीम को 3001 रूपए की राशि का पुरस्कार वन सुरक्षा समिति रेसलपुर की ओर से दिया गया। प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन किया गया जो कि वनमंडल स्तर पर वन परिक्षेत्र हंडिया की ओर से वनमंडल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के आयोजन में दिनेश कुमार शर्मा परिक्षेत्र सहायक रेसलपुर, एवं समस्त स्टाफ वन परिक्षेत्र हंडिया सामान्य का विशेष योगदान रहा।

# जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं उर्वरक : उप संचालक कृषि

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** उप संचालक कृषि जेआर हेडाउ ने बताया कि जिला नर्मदापुरम में रबी मौसम की फसलों के लिए पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए 15 शासकीय उर्वरक वितरण केंद्रो से किसानों को उर्वरक प्रदाय किया जाएगा।

पूर्व में संचालित विपणन संघ (मार्कफेड) के 6 भण्डारण केंद्रों के अतिरिक्त कृषि उपज मण्डी प्रांगण सोहागपुर, विपणन सहकारी समिति बानापुरा, सहकारी समिति बुधवाड़ा एमपी एग्रो गोदाम बनखेड़ी से भी अगले सोमवार से नगद उर्वरक विक्रय किया जाएगा, साथ ही नर्मदांचल विपणन सहकारी समितियों के माध्यम से 02 नगद उर्वरक विक्रय केंद्र 01 कृषि उपज मण्डी नर्मदापुरम एवं 01 कृषि उपज मण्डी रैसलपुर में संचालित हो रहे है। विपणन सहकारी समिति पिपरिया एवं बनखेड़ी से भी नगद उर्वरक विक्रय किया जाना प्रस्तावित है तथा एम.पी. एग्रो द्वारा इटारसी स्थित कृषि उपज मण्डी में नगद उर्वरक विक्रय किया जा रहा है। इस प्रकार जिले में कुल 15 शासकीय केंद्रो से किसानों को सुगमता से नगद उर्वरक प्राप्त हो सकेगा।

जिले में आज जिला नर्मदापुरम में उर्वरको की उपलब्धता विपणन संघ (मार्कफेड) उर्वरक भंडारण/नगद विक्रय केंद्र-नर्मदापुरम में यूरिया 762 मे.टन. एस.एस.पी. 75 मे.टन, टी. एस. 90 मे.टन उपलब्ध है। विपणन संघ (मार्कफेड) उर्वरक भण्डारण/नगद विक्रय केंद्र-इटारसी में यूरिया 3085 मे.टन, डी.ए.पी.-223 मे.टन, एस.एस.पी.-62 मे.टन. टी.एस.पी. 93 मे.टन, विपणन संघ (मार्कफेड) उर्वरक भण्डारण/नगद विक्रय केंद्र-माखन नगर में यूरिया 1201 मे.टन, डी.ए.पी. 124 मे.टन, एस.एस.पी. 13 मे.टन, टी.एस.पी.-150 मे.टन, एन.पी.के. 58 मे.टन, विपणन संघ (मार्कफेड) उर्वरक भंडारण/नगद विक्रय केंद्र-सेमरी हरचंद में यूरिया 1021 मे.टन, डी.ए.पी. 100 मे.टन. एस.एस.पी. 292 मे.टन, टी.एस.पी. 300 मे.टन, एन.पी. के. 144 मे.टन, विपणन संघ (मार्कफेड) उर्वरक भंडारण/नगद विक्रय केंद्र-पिपरिया में एस.एस.पी.-295 मे.टन, टी.एस.पी.-115 मे.टन, एन.पी.के. 50 मे.टन, विपणन संघ (मार्कफेड) उर्वरक भण्डारण/नगद विक्रय केंद्र बानापुरा में यूरिया 1095 मे.टन, डी.ए.पी. 201 मे. टन, एस.एस.पी. 255 मे.टन, टी.एस.पी. 405 मे.टन एवं नवीन संचालित नगद उर्वरक विक्रय केंद्र सहकारी समिति बुधवाड़ा में टी.एस.पी. 89 मे.टन, नवीन संचालित नगद उर्वरक विक्रय केंद्र कृषि उपज मण्डी प्रांगण सोहागपुर में टी.एस.पी. 105 मे.टन, नवीन संचालित नगद उर्वरक केंद्र विपणन सहकारी समिति बानापुरा में यूरिया 300 मे.टन. डी.ए.पी. 60 मे.टन उपलब्ध है। जिले में 67 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में कुल 2256.5 मे.टन यूरिया, 27 समितियों में 339.53 मे.टन डी.ए.पी., 41 समितियों में 1502.55 मे.टन एस.एस.पी., 52 समितियों में 724.27 मे.टन एन.पी.के.एस. उर्वरक उपलब्ध है। साथ ही जिले में संचालित निजी फुटकर उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों में 118 निजी प्रतिष्ठानों पर 4737.6 मे.टन यूरिया, 40 निजी प्रतिष्ठानों पर 377.8 मे.टन डी.ए.पी., 125 मे.टन निजी प्रतिष्ठानों पर 6383 मे.टन एस.एस.पी. तथा 43 निजी प्रतिष्ठानों पर 496 मे.टन एन.पी. के.एस. उर्वरक वर्तमान में उपलब्ध है।

## स्कूल में पढ़ने वाली बालिकाओं को आत्म सुरक्षा के लिये दिया जा रहा है प्रशिक्षण

### डेढ़ लाख बालिकाओं को दिलाया गया रानी लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा प्रशिक्षण

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** प्रदेश में शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाली बालिकाओं में आत्म-विश्वास और सुरक्षा की भावना सशक्त करने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा रानी लक्ष्मीबाई आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण योजना चलाई जा रही है। योजना से प्रदेश में करीब एक लाख 50 हजार बालिकाओं को जूडो-कराटे का प्रशिक्षण दिलाया गया है।

योजना में 15 हजार 245 शासकीय विद्यालयों की 80 हजार 466 बालिकाओं को प्रशिक्षण दिलाया गया। इसी के साथ प्रदेश में संचालित 207 कस्तूरबा गांधी विद्यालय और 324 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालिका छात्रावास में अध्ययनरत 70 हजार 450 बालिकाओं को जूडो-कराटे का प्रशिक्षण दिलाया गया। स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा 1 से 8 की बालिकाओं के विद्यालयों के लिये प्रशिक्षण राशि भी जारी की है।

स्कूल शिक्षा विभाग ने दृष्टि बाधित बच्चों की सुविधा को देखते हुए उनके पाठ्यक्रम की समस्त पुस्तकें ब्रेल लिपि में उपलब्ध करवाई हैं। ब्रेल लिपि पाठ्य पुस्तकों का मुद्रण शासकीय ब्रेल प्रेस भोपाल से कराया गया है।

प्रदेश के शासकीय स्कूलों में पढने वाले दिव्यांग बच्चों का चिकित्सीय मूल्यांकन शिविरों के माध्यम से कराया गया। पिछले वर्ष 30 जिलों के विकासखंडों पर आयोजित शिविर में 6 हजार 560 दिव्यांग बच्चों की पहचान कर उन्हें उनकी आवश्यकता के उपकरण वितरित किये गये। इसी के साथ दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को भी गृह आधारित शिक्षा एवं बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर फेस-टू-फेस प्रशिक्षण जिला स्तर पर प्रदान किया गया है।

## सहोदय स्कूल कांप्लेक्स हरदा का समापन समारोह का आयोजन




**हरदा, देशबन्धु।** सीबीएसई स्कूलों के समूह सहोदय स्कूल कांप्लेक्स हरदा का समापन समारोह कार्यक्रम होली फैथ बाल रेड क्रॉस स्कूल में संपन्न हुआ।


9 नवंबर से प्रारंभ हुई विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों के बाद समापन दिवस पर नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन होली फेथ स्कूल में किया गया। जिसमें हरदा जिले के सीबीएसई स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह उपस्थित रहे।उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हर बच्चे को एक सपना जरूर देखना चाहिए और उसे पूरा करने के लिए पूरी मेहनत एवं लगन से प्रयास करना चाहिए। उन्होंने अपने जीवन के व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। सहोदय के प्रेसिडेंट और संस्कार विद्यापीठ के प्राचार्य एस पी भदोरिया ने कहा कि सहोदया का उद्देश्य समस्त सीबीएसई स्कूलों के विद्यार्थियों को एक मंच पर लाकर उनकी शैक्षिक सांस्कृतिक एवं खेल प्रतिभाओं को निखारना है ।

सहोदय की सचिव एवं होली फेथ की प्रबंधक श्रीमती निशा जैकब ने मुख्य अतिथि हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह का बच्चों का उत्साहवर्धन एवं मार्गदर्शन करने के लिए के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नॉलेज पब्लिक स्कूल टिमरनी, द्वितीय स्थान डेली पब्लिक स्कूल सोडलपुर एवं तृतीय स्थान सेंट मैरी स्कूल हरदा ने हासिल किया। कार्यक्रम में होली फेथ स्कूल के प्रबंधक जैकब सेम्युल, सेम्युल मैथ्यू, सेंट मैरी स्कूल के प्राचार्य फादर फ्रांसिस, द फाउंडेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल के प्रबंधक जय गुर्जर एवं प्राचार्य प्रीति बांके, सनफ्लावर स्कूल की प्राचार्य वर्षा त्रिपाठी, दिल्ली स्कूल सोडलपुर के प्राचार्य किरन मिश्रा, एकेडमिक हाईट स्कूल की प्राचार्य लवलीना सिंह, सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य विनय शर्मा, सूर्योदय ग्लोबल स्कूल की प्राचार्य सोनाली पारे नालेज पब्लिक स्कूल के उप प्राचार्य साथ ही हरदा जिले के अन्य सभी सीबीएसई स्कूल के प्राचार्य एवं प्रबंधक उपस्थित थे।

## भैरव अष्टमी पर शुक्ला एवं शर्मा परिवार ने कुल देवता का पूजन किया

**हरदा, देशबन्धु।** ग्राम बडी छीपानेर मे काल भैरव अष्टमी के अवसर पर शनिवार को कुल देवता भैरव बाबा का विधी विधान के साथ अभिषेक, पूजन,हवन,किया गया ।इस अवसर पर दिव्य श्रृंगार पं श्याम शुक्ला ओमकारेश्वर द्वारा किया गया ।

शुक्ला परिवार के गोपाल शुक्ला ने बताया कि यह दिव्य प्रतिमा 25 वर्ष पूर्व नर्मदा जी के बीच बने चबूतरे पर दो मूर्ती स्थापित थी काला भैरव एवं गौरा भैरव यह दोनो भाई थे परंतु नर्मदा जी के तेज बहाव के कारण एक मूर्ती गौरा भैरव बाबा की मूर्ती नर्मदा जी की रेत मे समा गई ओर दूसरी मूर्ती काल भैरव की वही पर स्थापित रही



।विगत पच्चीस वर्ष पूर्व गांव के पहलवानो ने हनुमान जी की मूर्ती समझ कर गांव के अखाडे मे ले जाने का प्रयास किया परंतु विफल रहे मूर्ती अखाडे(व्यायामशाला) तक नही जाकर गांव के पीपल के वृक्ष के नीचे रखने के बाद मूर्ती वहां से नही उठी । फिर कुछ समय के पश्चात बाबा की प्रेरणा से पं गोपाल शुक्ला एवं पं मुरलीधर शुक्ला के प्रयासो से एवं परिवार के सहयोग से नर्मदा तट पर ओटला निर्माण कर पुन: विधी विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापित किया गया । ताकि परिवार के सभी लोग किसी भी समय पर जाकर दर्शन कर सके ।कुछ समय बाद शर्मा परिवार के स्व जगन्नाथ शर्मा एवं परिवार द्वारा गौरे भैरव बाबा की दूसरी मूर्ति लाकर प्राण प्रतिष्ठा की गई ।आयोजन में बड़ी संख्या में दोनों परिवार के लोगों ने उपस्थित होकर सभी के सुखी जीवन की कामना की।

## हम होंगे क़ामयाब अभियान 25 नवंबर से

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर जेंडर आधारित हिंसा की रोक थाम के लिए जागरूकता अभियान हम होंगे क़ामयाब 25 नवम्बर से 10 दिसंबर तक चलाया जाएगा। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया 25 नवंबर को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर से प्रात:10 बजे इस अभियान की शुरुआत करेगी। जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान के तहत महिला सुरक्षा संवाद विषय पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला 25 एवं 26 नवंबर को आयोजित की गई है। कार्यशाला में सरकारी समन्वय और हितधारकों की ज़िम्मेदारी के माध्यम से जेंडर आधारित हिंसा का समाधान, सामुदायिक पुलिसिंग, महिला सुरक्षा में सहयोगी दृष्टिकोण, जेंडर आधारित हिंसा को समझना और स्थानीय कार्यान्वयन के लिए कार्य योजनाओं का विकास, पीड़ितों के लिए समर्थन प्रणाली को मज़बूत करना, वन स्टॉप सेंटर की भूमिका और मनोवैज्ञानिक प्रभाव ,महिला सुरक्षा को बढ़ावा देना त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र के माध्यम एम पी डायल 100 से अंतर्दृष्टि, महिलाओं की सुरक्षा कानूनों और नीतियों की समझ जैसे विषयों पर पहले दिन विषय विशेषज्ञों के साथ चर्चा होगी। कार्यशाला के दूसरे दिन युवाओं की भूमिका बदलाव के वाहक, पीड़ितों के लिए समर्थन प्रणाली को मज़बूत करना, वन स्टॉप सेंटर की भूमिका, तकनीक आधारित जेंडर हिंसा की समझ तथा विश्वविद्यालय स्तर पर महिला सुरक्षा उपाय जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# इटारसी में रेस्ट हाउस के सामने 25 लाख रुपये लागत से बनेगा ‘आकांक्षी शौचालय’

## नगरपालिका अध्यक्ष ने किया नर्माण स्थल का निरीक्षण



**इटारसी, देशबन्धु।** नगरपालिका परिषद इटारसी जनता की सुविधा के लिए मुख्य बाजार क्षेत्र के रेस्ट हाउस के सामने ‘आकांक्षी शौचालय’ (एस्पिरेशनल टॉयलेट) बनाने जा रही है। एस्पिरेशनल टॉयलेट में आलीशान स्नान कक्ष, यूरीनल, टॉयलेट के अलावा मातृ शक्ति की सुविधा के लिए सैनटरी पेड नैपकिन वेंडिंग मशीन, इन्सिनरेटर अथवा सैनटरी पेड नैपकिन डिस्पोजल टैग रहेंगे। इसके अलावा हैंड ड्रायर की सुविधा, इसके साथ ही बच्चों के लिए कम ऊंचाई के टॉयलेट और यूनिरल में टचलेस फ्लशिंग की सुविधा होगी। उन्हें गूगल मैप्स पर भी चिह्नित किया जाएगा।

**नपाध्यक्ष ने किया स्थल निरीक्षण** - नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने शनिवार को नगरपालिका स्वच्छता प्रभारी उपयंत्री मयंक अरोरा के साथ एस्पिरेशनल टॉयलेट निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। यह रेस्ट हाउस के सामने पुराने पब्लिक टॉयलेट के स्थान पर बनेगा।

**25 लाख रुपये आएगी लागत** - नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बनने वाले इस टॉयलेट की निर्माण लागत 25 लाख रुपये आएगी। इसका निर्माण भी जल्दी ही प्रारंभ होगा। जिसके लिए टेंडर निकाले जा चुके हैं और एजेंसी को कार्यआदेश भी दे दिए गए हैं।

**व्यापारियों को भी मिलेगा लाभ** - जिस स्थान पर एस्पिरेशनल टॉयलेट बन रहा है, वहां बाजार लगा हुआ है। अभी जवाहर बाजार क्षेत्र में मौजूद टॉयलेट में काफी भीड रहती है। यह उससे कुछ ही दूरी पर गांधी मैदान के साइड में बन रहा है। इस टॉयलेट से व्यापारियों को तो लाभ मिलेगा ही, साथ ही हमारी मातृशक्ति के लिए भी यह सुविधाजनक व सुरक्षित होगा।

**ऐसा बनेगा शौचालय** - शौचालय की टाइल्स और दीवार स्वच्छ, कम ऊंचाई की होगी। यहां जी प्लस वन का भवन बनेगा। जिसमें 5 सीट पुरुष व 5 सीट महिला टॉयलेट बनेंगे। यूरिनल, टॉयलेट, बाथरुम, चेंजिंग रुम, के अलावा महिलाओं के विशेष सुविधा रहेगी। महिलाओं के लिए यहां सैनटरी पेड नैपकिन वेडिंग मशीन, इन्सिनरेटर अथवा सैनटरी पेड नैपकिन डिस्पोजल टैग रहेंगे। इसके अलावा हैंड ड्रायर की सुविधा और टचलेस फ्लशिंग की सुविधा होगी। इसके अलावा यहां प्रकाश की अच्छी व्यवस्था बाहर और अंदर की तरफ होगी।

**इनका कहना है** - स्वच्छ भारत मिशन के तहत इटारसी में एक एस्पिरेशनल टॉयलेट बनने जा रहा है। बाजार आने वाले नागरिकों व व्यापारियों के लिए सुविधाजनक होगा। लागत 25 लाख रुपये आ रही है। डिजाइन बडे शॉपिंग मॉल में बनने वाले टॉयलेट जितनी अच्छी है। मातृशक्ति के लिए भी यहां सुविधाएं होंगी।

**पंकज चौरे, अध्यक्ष,**
**नगरपालिका परिषद इटारसी**

# लायंस क्लब ने करायी पीस पोस्टर प्रतियोगिता



**इटारसी, देशबन्धु।** लायंस इंटरनेशनल विश्व शांति के प्रति स्कूली विद्यार्थियों में जागरूकता के उद्देश्य से प्रतिवर्ष पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन करता है जिसमें नियमानुसार 11,12,13 वर्ष की उम्र के बच्चे प्रतिभागी हो सकते है। इसी क्रम में इस वर्ष लायंस क्लब इटारसी कपल के द्वारा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ मनीष शाह, पूर्व गवर्नर एमजेएफ अनिल झा, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर एमजेएफ रेखा पटेल के मार्गदर्शन और अध्यक्ष श्रद्धा अग्रवाल के नेतृत्व में क्लब के सभी सदस्यों के सहयोग से राष्ट्रभारती हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सचिव शिल्पी सराठे और कोषाध्यक्ष रितु मोर ने बताया की इस वर्ष की थीम पर 80 से अधिक बच्चों ने बहुत ही सुंदर और आकर्षित विभिने रंगों का समावेश करते हुए ड्राइंग बनाई। अध्यक्ष श्रद्धा अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन में विजेता का चयन क्लब स्तर से डिस्ट्रिक्ट, मल्टीपल और आखिरी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होता है और विजेता बच्चों का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परिजनों की उपस्थिति में सम्मान किया जाता है। हालांकि विजेता बच्चों का शहर और डिस्ट्रिक्ट स्तर पर भी सम्मान किया जाता है और सभी प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया जाता है।

प्रतियोगिता को संपन्न कराने में स्कूल की प्राचार्य श्रीमती आरती जायसवाल का विशेष योगदान रहा। इसके साथ ही आयुषी, रश्मि, रागिनी, नेहा, मोनिका, मीनाक्षी, कोमल, निधि, ममता,पूजा का भी सहयोग रहा। कार्यक्रम में पीटीएस के साथ ही क्लब से संजय अग्रवाल, कुंदन गौर, काजल साहू, श्रुति साहू, सुनील सराठे और स्कूल की पूरी टीम की उपस्थित रही। प्राचार्या ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। क्लब की तरफ से सभी बच्चों को पेन और चॉकलेट वितरित किए। अध्यक्ष श्रद्धा अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## पॉलिटेक्निक में निशुल्क नेत्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**इटारसी, देशबन्धु।** तीरथ आई केयर इटारसी शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया। संस्था प्राचार्य आरके चौलकर के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष श्रीमती विद्यावती सूर्यवंशी, भूपेंद्र जोठे, श्रीमती पल्लवी नरवरे के मार्गदर्शन में संस्था के छात्राओं, छात्रों का निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर में संस्था के 30 स्टाफ सदस्य एवं 125 से अधिक विद्यार्थियों के आंखों की जांच कर परामर्श दिया। इस कार्य हेतु संस्था के रामचरण सिंह तोमर एवं प्रवेश चौरे ने विशेष योगदान देते हुए शिविर को सफल बनाया।

# साहित्य

कहानी

# सौ रुपये

■ कृष्ण चन्दर




मैं ने सौ रुपये का काम किया था। मुझे सौ रुपये मिलने चाहिए इसलिए मैंने सेठ से बात की।

सेठ ने कहा : सोलह तारीख़ को आना।

मैं सोलह तारीख़ को गया।

सेठ वहां नहीं था। इस का बूढ़ा मैनेजर मुझसे बड़ी शफ़क़त से कहने लगा: तुमने सौ रुपये का काम किया है,तुमको बराबर सौ रुपये मिलेंगे । मगर सेठ यहां पर नहीं है कल आना।

मैंने पूछा-अगर सेठ कल भी यहां नहीं हुआ तो?

मैनेजर बोला: तो मैं इंतिज़ाम कर रखूँगा,तुम फ़िक्र ना करो तुम्हारा पैसा तुमको मिल जाएगा।

मुझे ग़ुस्सा आया। मैं हिसाब कर चुका था। मैनेजर उसे दस बार चैक कर चुका था फिर भी कहीं ग़लती निकल आती है मगर मैं कुछ ना कह सका क्योंकि मैनेजर का लहजा बहुत नरम था। इसलिए मैंने भी नरमी से कहा : मेरा हिसाब तो बहुत साफ़ है।

इतना कह कर मैंने अपनी ख़ाकी पतलून की जेब से एक मेला पुर्ज़ा निकाला और मैनेजर के साथ ग्यारवें दफ़ा तफ़सीलात चैक करने बैठ गया।

मैनेजर ने कहा : हाँ हिसाब ठीक है, अच्छा कल आना।

दूसरे दिन मैं फिर सेठ के दफ़्तर गया।

आज दफ़्तर में सेठ मौजूद नहीं था ,मैनेजर भी ग़ायब था।

मैनेजर का अस्सिटैंट चिन्धयाई हुई आँखों से एक सिंगल चाय अपने सामने रखे कुछ सोच रहा था।

आहिस्ता से बोला : तुम यहां बैठ जाओ मैनेजर अभी आता होगा। इस से बात कर लेना।

मैं एक कुर्सी पर साढ़े दस बजे से लेकर पौने दो बजे तक बैठा रहा। मैनेजर आ गया।

मुस्कुराते हुए बोला : तुम्हारा काम हो गया है, मगर चैक मिला है सौ रुपये का और अब पौने दो बज चुके हैं और दो बजे बैंक बंद होता है और बैंक यहां से दो मील दूर है और कल छुट्टी है और परसों इतवार है।

मैंने मायूसी से कहा : हाँ। मैनेजर मुसर्रत से हाथ मिलते हुए बोला। मैंने बेहद रुखाई से कहा : चैक मुझे दे दो।

पाँच मिनट और चैक लेने में गुज़र गए क्योंकि चैक पर मेरा नाम ग़लत लिखा हुआ था मुहम्मद शफ़ी के बजाय मुहम्मद रफ़ी लिखा हुआ था।

चैक लेकर बाहर आया तो दो बजने में पौने दो मिनट थे किसी सूरत पैदल चल के बैंक नहीं पहुंच सकता । सौ रुपये का चैक मेरे हाथ में था मगर अभी काग़ज़ का पुरज़ा था। उसे रूपयो में तबदील करने के लिए बैंक तक पहुंचना ज़रूरी था। दो बजे से पहले सिर्फ एक ही सूरत हो सकती थी : टैक्सी।

मैंने बैठते हुए कहा। कालबादेवी रोड के नाके पर चलो और ज़रा तेज़ चलो। जब कालबादेवी नाके पर पहुंचा तो दो बजने में दो मिनट थे। मगर बैंक कालबादेवी रोड पर नहीं था, गो चैक पर ये लिखा था मगर बैंक कालबादेवी रोड के नाके पर नज़र ना आया।

हार कर मैंने एक पंजाबी सुख हारमोनियम बनाने वाले की दुकान में घुस गया। आइए आइए क्या चाहिए आपको?

मैंने कहा : सरदार मुझे बाजा नहीं चाहिए, बैंक का पता चाहिए चैक पर तो लिखा है कालबादेवी रोड और यहां कहीं नहीं मिलता। सरदार जी ने मुस्कुरा कर कहा : बादशाहो! वो बैंक साथ वाली गली में है, इधर से घूम क्रिस्टा बाज़ार से इस तरफ़ पुराने चांदी वाले मंदिर के पास।

मैंने सरदारजी का शुक्रिया भी अदा नहीं किया भागा वापिस टैक्सी के पास, जब बैंक पहुंचा तो दो बज कर चार मिनट थे। उसूलन मेरा चैक क्लर्क को नहीं लेना चाहिए था मगर मालूम होता है कि क्लर्क चैक पढ़ने के अलावा चेहरा पढ़ना भी जानता था। उसने ख़ामोशी से चैक मुझसे ले लिया। फिर उल्टा कर के देखा, मुझसे कहने लगा : इस पर दस्तख़त करो।

मेरा नाम शफ़ी था लेकिन मैंने मुहम्मद रफ़ी लिखा। मैं टैक्सी वाले का चुकता करने लगा। इतने में किसी ने आ के मेरे शाने पर-ज़ोर से हाथ मारा और कहा : कहो मेरे यार,बड़े टैक्सी में घूम रहे हो आज। मेरा दोस्त इसहाक़ था। एक खोजे के मकान के एक तंग से कमरे में रहता है लेकिन इस की महबूबा मुहम्मद अली रोड और कराफ़ोर्ड मार्कीट के नाके पर एक अच्छे होटल में रहती है। मैंने देखा है बड़ी ख़ूबसूरत औरत है, बड़े बड़े सेठों के पास जाती है। ये इसहाक़ इस से पहले उस के पास ड्राइवर था। इसहाक़ को यह काम पसंद नहीं आया और वो इस से अलग हो गया। वो इस को अपने धरे पर लाना चाहती है और ये उस को अपने तरीक़े पर रखना चाहता है। दोनों में हमेशा लड़ाई होती है।

> मेरा नाम शफ़ी था लेकिन मैंने मुहम्मद रफ़ी लिखा। मैं टैक्सी वाले का चुकता करने लगा। इतने में किसी ने आ के मेरे शाने पर-ज़ोर से हाथ मारा और कहा- कहो मेरे यार,बड़े टैक्सी में घूम रहे हो आज। मेरा दोस्त इसहाक़ था। एक खोजे के मकान के एक तंग से कमरे में रहता है लेकिन इस की महबूबा मुहम्मद अली रोड और कराफ़ोर्ड मार्कीट के नाके पर एक अच्छे होटल में रहती है। मैंने देखा है बड़ी ख़ूबसूरत औरत है, बड़े बड़े सेठों के पास जाती है। ये इसहाक़ इस से पहले उस के पास ड्राइवर था। इसहाक़ को यह काम पसंद नहीं आया और वो इस से अलग हो गया। वो इस को अपने धरे पर लाना चाहती है और ये उस को अपने तरीक़े पर रखना चाहता है। दोनों में हमेशा लड़ाई होती है।

मैंने इसहाक़ से पूछा : मुझे भूख लगी है, कुछ खाओगे?

वो बोला : हाँ भूखा तो मैं भी हूँ, चलो फ़ीरोज़े कबाबीए की दुकान पर। फ़ीरोज़े कबाबीए की दुकान से फ़ारिग़ हो कर इसहाक़ ने मुझसे दस रुपये उधार लिए और अपने रस्ते पर चला गया। ऐसा दोस्त जो दुनिया में मेरे सिवा किसी से उधार ना ले कहाँ मिलता है ? मुझे इसहाक़ की दोस्ती पर फ़ख़्र है। इस वक़्त इसहाक़ से मिलकर मेरा जी हल्काफुल्का हो गया। जेब में रुपये थे और अभी घर जाने को जी ना चाहता था। इसलिए हॉर्न बी रोड़ पर हो गया।

हॉर्न बी की दुकानें मुझे बहुत पसंद हैं। शाम को घर जाने से पहले मैं अक्सर हॉर्न बी रोड के नुमाइशी दरीचे देखा करता हूँ। मैंने जेब में हाथ डाल कर नए नए करकरे नोटों को थपथपाया और बड़ी शान से ऐवान ऐंड फ़्रीज़र के दरीचों के सामने आ खड़ा हुआ। आह! किस क़दर ख़ूबसूरत क़मीज़ थी। मेरा तो जी मचल गया,मैंने अपनी क़मीज़ के फटे हुए कालर को सहलाया। क़मीज़ के दाम थे सिर्फ तीस रुपये इस से तिगुने रुपये उस वक़्त मेरी जेब में थे, मैं क़मीज़ ख़रीद सकता था मगर कुछ और बेहतर देखने की ख़ातिर आगे चला गया।

अगले दरीचे में ख़ूबसूरत साबुन थे, झाग वाले, स्पंज और तौलिए जिन्हें देखकर ख़ुद ब ख़ुद नहाने की ख़ाहिश पैदा होती थी। ये सब मैं ख़रीद सकता था। आगे चलता चलता बहुत सी दुकानें देखता भालता मैं जगदम्बा लाल पायल की दुकान पर पहुंच गया। यहां नुमाइशी दरीचे में कैमरे पड़े थे जिन्हें मैं ख़रीद सकता था। कैमरे ख़रीद के मैं इन फ़र्नीचरों की तस्वीर ले सकता था जो पुराने थे। मैंने सोचा ये कैमरा लेकर मैं इसहाक़ के पास जाऊँगा और इस से कहूँगा : चल, आज तेरी और तेरी महबूबा की इकट्ठी तस्वीर लेंगे। कैमरे के साथ जादू बैन पड़ी थी जिसमें देखने से तस्वीरें बिलकुल अपनी गहराई के साथ नज़र आती हैं। बचपन में एक बढ़िया एक बड़ी सी जादू बैन हमारे मुहल्ले में लाया करती थी और हम लोग एक पैसा देकर तमाशा देखते थे। इस जादू बेन को देखकर मेरा दिल-ख़ुशी से काँपने लगा। काउंटर पर मैंने एक नौजवान से पूछा : ये जादू बैन कितने की है? साढ़े पैंतीस रुपये।

नौजवान बड़ी ख़ूबसूरत क़मीज़ पहने था। उसने मेरी तरफ़ निगाह उठा कर एक ख़ूबसूरत लड़की की तरफ़ देखा जो अभी अभी दुकान में दाख़िल हुई थी। वो उस की तरफ़ मुतवज्जा हो गया और एक मैले चेहरे वाला, जो ग़ालिबन इसका अस्सिटैंट था, मेरी तरफ़ आ गया।

मैंने कहा : जादू बैन मुझे दिखाओ। उसने जादू बीन में एक मुदव्वर फ़ीता रखकर मेरे हाथ थमा दिया और मुझसे कहा : इसे घुमाते जाओ, यूं स्विच दबाकर ,नई नई तस्वीरें तुम्हारे सामने आती जाएँगी। मैंने बटन आन किया : टारज़न हाथी पर सवार सामने से चला आ रहा था। मैंने बटन दबा दिया। टारज़न आबशार में छलांग लगा रहा था। नीचे मगरमच्छ कितने ख़ौफ़नाक मालूम हो रहे थे, मैंने बटन दबा दिया। फूलों के गजरे ,फूलों के हार और फूलों के लहंगे पहने हुए हवाई जज़ीरे की लड़कीयां नाच रही थीं। मैंने बटन दबा दिया।

साहिल की रेत पर शराब और फल और बिस्कुट और खाने की चीज़ें एक शफ़्फ़ाफ़ तश्तरी में पड़ी थीं और एक औरत रेत पर आँखें बंद किए बैठी थी। इस का मुँह मेरे इस क़दर क़रीब थ कि मैंने जल्दी से बटन दबा दिया।

मैंने कहा : ये जादू बैन तो बहुत अच्छी है ,मेरे बचपन की जादू बैन से हज़ार दर्जे बेहतर है,कितने में दोगे? वो मुस्कुराए बग़ैर बोला : साढ़े पैंतीस रुपये की जादू बैन आती है, मुद्दो रंगीन तस्वीरों वाले फ़तीले एक दर्जन उस के साथ लेना पड़ेंगे। दस रुपये के ये होंगे, सेल्ज़ टैक्स उस के इलावा पच्चास के ऊपर रक़म जाएगी। मैं जब हाथ डाल कर दस दस के नए कर करे नोटों को थपथपाया। आपको यक़ीन नहीं आएगा।

लेकिन ये बिलकुल सच्च है कि इस से पहले मेरे दिल में जादू बैन के सिवा और कोई तस्वीर ना थी ।लेकिन नोटों को हाथ लगाने से एक दम मुझे धचका सा लगा और बहुत सी तस्वीरें बटन दबाए बग़ैर मेरे सामने घूम गईं । एक बच्चा फटी हुई क़मीज़ पहने गली के फ़र्श पर बैठा है और रो रहा है। मैंने पहचाना मेरा बच्चा था। एक औरत की शलवार का पायँचा दूसरे पायंचे से ऊंचा है। इस की ओढ़नी से इस के सर के उलझे हुए बाल बाहर निकलते हुए नज़र आ रहे थे । मैं समझ गया कि एक आदमी दरवाज़े पर खड़ा है।

इस की सूरत हर लम्हा बदलती जाती है। इस का ग़ुस्सा हर लम्हा बढ़ता जाता है। कभी ये मालिक मकान का मैनेजर बन जाता है। कभी दूध वाले सेठ का नौकर। कभी बिजली वाली कंपनी का ओहदेदार। कभी पानी वाले दफ़्तर का। मैंने बटन दबा दिया : अब मेरे सामने घर के फ़र्श पर एक ख़ाली तश्तरी पड़ी थी जिस पर एक गिलास औंधा पड़ा हुआ है। नोट मेरी जेब से बाहर निकले, फिर वहीं हाथ रह गए। ख़ूबसूरत क्लर्क ,ख़ूबसूरत लड़की को कैमरा बेच कर काउंचर पर वापिस आ गया। मैं जल्दी से घूम कर दुकान से वापिस जाने लगा। बाहर जाते-जाते मैं जानता था कि वो क्लर्क मुझ पर हंस रहा है। मैंने अच्छी तरह दाँत पीस लिए,अच्छी तरह जेबों में हाथ डाल कर नोटों को अपनी गिरिफ़्त में ले लिया और नुमाइशी दरीचों से निगाह उठा कर सीधा बोरी बंदर की तरफ़ चलने लगा। चलते चलते महसूस हुआ कि जैसे किसी ने मुझसे शदीद धोका किया है,किसी ने मुझे सौ रुपये देकर दो सौ छीन लिए हैं। किसी ने ज़ोर से मेरे मुँह पर चपत मारी है। किसी ने मेरे हर नोट पर लिख दिया है, तुम्हारे लिए नहीं। मेरे क़दम भारी होते गए और मैंने महसूस किया कि मेरी मेहनत का हर नोट उदासी की एक लंबी ज़ंजीर है,जिसे मैं ख़ुद अपने हाथों से खींच रहा हूँ। बोरी बंदर पहुंच कर यका-यक मैंने फ़ैसला किया कि मैं आज गाड़ी से अपने घर वापिस नहीं जा सकता। आज पैदल ही बोरी बंदर से साईन जाऊँगा। बहुत रात गए मैं थका मांदा अपने घर लौटा। मेरी बीवी मुतफ़क्किर थी और मेरा इंतिज़ार कर रही थी लेकिन जब उसने नोट देखे तो ख़ुश हो गई। इसलिए वो मेरी उदासी का मतलब ना समझ सकी। बोली: लेकिन ये क्या बात है, तुम आज ख़ुश होने की बजाय उदास हो? मैंने चारपाई पर बैठते हुए कहा : जान-ए-मन !आज मुझे पता चला है कि ये दुनिया बूढ़ी हो चुकी है और मुझे ऐसी दुनिया चाहिए जो बच्चों की तरह मुस्कुरा सके। वो बोली : मैं नहीं समझी तुम क्या कह रहे हो।

मैंने कहा : जान-ए-मन ! मैं कह रहा हूँ कि अब पुराने फ़र्नीचर पर वार्निश करने से काम नहीं चलेगा।अब नया फ़र्नीचर लाना होगा।

## दो चार गाम राह को हमवार देखना

■ निदा फ़ाज़ली

दो चार गाम राह को हमवार देखना

फिर हर क़दम पे इक नई दीवार देखना
आँखों की रौशनी से है हर संग आईना

हर आइने में ख़ुद को गुनहगार देखना
हर आदमी में होते हैं दस बीस आदमी

जिस को भी देखना हो कई बार देखना
मैदाँ की हार जीत तो क़िस्मत की बात है

टूटी है किस के हाथ में तलवार देखना
दरिया के इस किनारे सितारे भी फूल भी

दरिया चढ़ा हुआ हो तो उस पार देखना
अच्छी नहीं है शहर के रस्तों से दोस्ती

आँगन में फैल जाए न बाज़ार देखना

ग़ज़ल

## लम्हा-दर-लम्हा तिरी राह तका करती है

■ अब्बास क़मर

लम्हा-दर-लम्हा तिरी राह तका करती है

एक खिड़की तिरी आमद की दुआ करती है
सिलवटें चीख़ती रहती हैं मिरे बिस्तर की

करवटों में ही मिरी रात कटा करती है
वक़्त थम जाता है अब रात गुज़रती ही नहीं

जाने दीवार-घड़ी रात में क्या करती है
चाँद खिड़की में जो आता था नहीं आता अब

तीरगी चारों तरफ़ रक़्स किया करती है
मेरे कमरे में उदासी है क़यामत की मगर

एक तस्वीर पुरानी सी हँसा करती है

## हस्तीमल 'हस्ती'

सच के हक़ में खड़ा हुआ जाए ।
जुर्म भी है तो ये किया जाए ।

हर मुसाफ़िर में ये शऊर कहाँ,
कब रुका जाए कब चला जाए ।

हर क़दम पर है गुमराही,
किस तरफ़ मेरा काफ़िला जाए ।

बात करने से बात बनती है,
कुछ कहा जाए कुछ सुना जाए ।

राह मिल जाए हर मुसाफ़िर को,
मेरी गुमराही काम आ जाए ।

इसकी तह में हैं कितनी आवाजें
ख़ामशी को कभी सुना जाए ।


**वो एहतियात के मौसम बदल गए कैसे**
चराग़ दिल के अँधेरे में जल गए कैसे
बना दिया था ज़माने ने बर्फ़ के मानिंद
हम एक शोख़ किरन से पिघल गए कैसे
उमीद जिन से थी वज़-ए-जुनूँ निभाने की
वो लोग वक़्त के साँचे में ढल गए कैसे
सितारे जज़्ब हुए गर्द-ए-राह में क्या क्या
ख़याल-ओ-ख़्वाब के आईं बदल गए कैसे
ख़िज़ाँ से जिन को बचा लाए थे जतन कर के
वो नख़्ल अब के बहारों में जल गए कैसे
न जाने क्यूँ जिन्हें समझे थे हम फ़रिश्ते हैं
क़रीब आए तो चेहरे बदल गए कैसे
हर एक साया-ए-दीवार की लपेट में है
'सुरूर' आप ही बच कर निकल गए कैसे

■ आल-ए-अहमद सुरूर

लघुकथा

# चिरागों की दुकान

■ प्रभाकर गुप्त



सत्रहवीं सदी के सूफी संत शेख-पीर सत्तार जिनकी दरगाह मेरठ में है, एक किस्सा सुनाया करते थे.

एक रात किसी सूनी गली में दो राहगीर मिले. उनमें परस्पर यह वार्त्तालाप हुआ-

पहला- यहीं कहीं एक दुकान है, जिसे 'चिरागों की दुकान' कहते हैं, मैं उसे ढूंढ़ रहा हूं.

दूसरा- मैं यहीं का रहने वाला हूं, आपको वहां पहुंचा दूंगा.

पहला- नहीं, मैं खुद ही ढूंढ़ लूंगा. मुझे रास्ता बताया गया है और मैंने सब लिख रखा है.

दूसरा- फिर भी स्थानीय आदमी से राह पूछ लेना अच्छा है, खासकर इसलिए कि आगे का रास्ता ज़रा कठिन है.

पहला- नहीं, मुझे जो कुछ बताया गया है, उस पर मुझे पूरा भरोसा है और उसी के बल पर मैं यहां तक पहुंच सका हूं. यों भी मैं नहीं जानता कि मैं दूसरे किसी पर विश्वास कर सकता हूं, या नहीं.

दूसरा- यानी पहली बार जिसने तुम्हें सूचना दी, उसे तो तुमने मान लिया, मगर तुम्हें यह पता लगाने का तरीका उसने नहीं बताया कि किस पर विश्वास किया जा सकता है?

पहला- हां, यही बात है.

दूसरा- क्या मैं पूछ सकता हूं कि तुम चिरागों की दुकान क्यों ढूंढ़ रहे हो?

पहला- क्योंकि मुझे बहुत विश्वसनीय रूप से बताया गया है कि वहां ऐसी कोई चीज बिकती है, जिससे अंधेरे में भी पढ़ा जा सकता है.

दूसरा- ठीक ही कहते हो. मगर उसके साथ एक शर्त है, साथ ही एक सूचना भी. शर्त यह है कि चिराग से वही पढ़ सकेगा, जिसे पढ़ना आता हो.

पहला- यह बात तो तुम नहीं सिद्ध कर सकते! पर सूचना क्या है?

दूसरा- सूचना यह है कि चिरागों की दुकान तो वहीं है, मगर चिराग वहां से हटाये जा चुके हैं.

पहला- मैं क्या जानूं. चिराग क्या है, मैं नहीं जानता. मुझे तो दुकान खोजनी है. चिराग वहीं होंगे, तभी तो उसे 'चिरागों की दुकान' कहा जाता है.

दूसरा- तो ढूंढ़ते रहो. लोग तुम्हें मूर्ख समझेंगे.

पहला- तुम्हें मूर्ख कहने वाले भी बहुत से लोग निकल आयेंगे. या शायद तुम मुर्ख नहीं हो. बल्कि तुम्हारी और कोइ नीयत है. शायद तुम मुझे अपने किसी दोस्त की दुकान पर भेजना चाहते हो, जो चिराग बेचता है. या तुम चाहते हो कि मुझे चिराग मिले ही नहीं. और यह कहकर पहला राहगीर दूसरे राहगीर से मुंह फेरकर चल दिया.

ज्ञान की, सत्य की खोज में बहुधा क्या यही नहीं होता? जो भी पहली बात हमारे दिमाग में भर दी जाती है, वह चित्त को इस तरह ग्रस लेती है कि ज्ञान और सत्य के बारे में कुछ अजीब कल्पनाएं करके उनसे बुरी तरह चिपक जाते हैं. उन कल्पनाओं की प्रामाणिकता, विश्वसनीयता को परखने की शक्ति न तो हमारे पास होती है, न उसे हम विकसित करना ही चाहते हैं. फलत: हर नया अनुभव, हर नया संकेत, हर नयी जानकारी, हमारे लिए संदिग्ध, दुर्भावनामूलक और अनुपयोगी हो जाती है. और सत्य की खोज के नाम पर हम अपने अज्ञान और अपने असत्य को छाती से चिपकाये अंधकार से अंधकार में भटकते रहते हैं।

पुस्तक समीक्षा

# हिंदी के विकास का लेखा-जोखा


शब्द संख्या-380

बहुतेरे हिंदी प्रेमी और आमजनआज भी हिंदी भाषा की विकास यात्रा से परिचित नहीं हैं। लिहाजा,एक अरसे से एक ऐसी पुस्तक की जरूरत महसूस की जा रही थी,जिसमें हिंदी के विकास की जन्मकुंडली हो। इस दृष्टिकोण से लेखक द्वय श्री केशव राय और श्री अनंतकी रचना 'हिंदी की विकास यात्रा' लोगों की अपेक्षा को पूरा करती प्रतीत हो रही है।

इस पुस्तक में कुल 36 अध्याय हैं, जिनमें हिंदी के विकास का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया है। इस क्रम में दूसरी भारतीय भाषाओंका समीचीन वर्णन,हिंदी साहित्य की उसके कालक्रम जैसे, आदिकाल, मध्यकाल और आधुनिककाल के अनुरूप विवेचना,हिंदी भाषा में आ रहे बदलावों के बारे में विमर्श,हिंदी भाषा के विकास के मार्ग के रोड़ों की चर्चा,भारतीय शिक्षा के इतिहास आदि को जानने व समझने का प्रयास किया गया है।

लेखक द्वय का मानना है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की कोशिशों में आजादी के बाद ज्यादा तेजी आई,क्योंकि जनमानस की अपेक्षा के अनुरूप स्वतंत्रता के बाद भी हिंदी को राष्ट्रभाषा नहीं बनाया गया और यह महज राजभाषा बनकर रह गई। देश में अँग्रेजी का वर्चस्व बरकरार रहा और यह रोज़गार की भाषा बदस्तूर बनीरही। तथाकथित बुद्धिजीवी अँग्रेजी के मोहपाश से बाहर नहीं निकल सके। फलत:हिंदी लोकभाषा यानी गरीब एवं वंचित तबकों की भाषा बनकर रह गई।

अँग्रेजी हटाओ आंदोलन, दक्षिण के राज्यों में हिंदी विरोध, दक्षिण में हिंदी प्रचार सभा,




| | |
|---|---|
| पुस्तक | हिंदी की विकास यात्रा |
| लेखक | श्री केशव राय और अनंत |
| प्रकाशक | स्टोरीमिरर इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| प्रकाशन वर्ष | सितंबर 2024 |
| मूल्य (सजिल्द) | 499 रूपये |

■ सतीश सिंह, अहमदाबाद

दक्षिण में हिंदी का प्रचार-प्रसार करने वाली विभूतियाँ, भारतीय हिंदी परिषद, भारतीय भाषा परिषद, केंद्रीय हिंदी निदेशालय आदि की चर्चा भी पुस्तक में की गई है। इसमें हिंदी के विकास में रंगमंच और फिल्मों की सकारात्मक भूमिका पर भी रोशनी डाली गई है। गैर हिंदी राज्यों में बहुत सारे लोगों ने हिंदी फिल्म देखकर हिंदी बोलना सीखा है। खिचड़ी भाषा या हिंगलिश ने भी हिंदी के वितान को व्यापक बनाने में मदद की है। सोशल मीडिया भी इसे समृद्ध कर रही है।

लचीली और सहज़ होने के कारण हिंदी का प्रयोग कंप्यूटर,इंटरनेट, मोबाइल, संचार के विविध माध्यमों आदि क्षेत्रों में सरलता से किया जा रहा है।देश एवं वैश्विक स्तर पर हिंदी की स्वीकार्यता में तेजी आई है। मौजूदा समय में कई देशों की यह एक प्रमुख भाषा है। हिंदी आगे बढ़ रही है और इसका भविष्य बेहद ही उज्ज्वल है।मुझे लगता है कि लेखक द्वय के तर्कों में कोई अतिशयोक्ति भी नहीं है।

# खेल जगत

## थलाइवाज पर जीत हमारी असली क्षमता को दर्शाती है: उपेंद्र मलिक

**नोएडा।** यूपी योद्धा ने शुक्रवार को नोएडा इंडोर स्टेडियम में तमिल थलाइवाज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। यह एक बेहतरीन टीम प्रदर्शन था। भवानी राजपूत के बेहतरीन सुपर 10 और हितेश के शानदार डिफेंसिव प्रदर्शन ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। हितेश को हाई 5 अंक मिले। रेडर और डिफेंडर दोनों ने मिलकर ऐसी रणनीति बनाई जिससे तमिल थलाइवाज को मौके बनाने का मौका ही नहीं मिला। सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने टीम के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उनकी असली क्षमता है। उन्होंने कहा कि यह जीत हमारी असली क्षमता को दर्शाती है। भवानी असाधारण थे, उन्होंने न केवल टीम के लिए महत्वपूर्ण अंक बनाए बल्कि उनकी ऊर्जा और आत्मविश्वास ने भी मैट पर मौजूद सभी खिलाड़ियों को प्रेरित किया। उन्होंने पूरी टीम में विश्वास और दृढ़ संकल्प की भावना भर दी।



# जायसवाल, राहुल चमके, भारत की 218 रन हुई बढ़त

सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। कप्तान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के गेंद से पंजे की बदौलत ऑस्ट्रेलिया को 104 रन पर आउट कर पहली पारी में 46 रन की बढ़त लेने के बाद सलामी बल्लेबाज यशस्वी

■ **बुमराह के गेंद से 'पंजे' से ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 104 पर समेटी**

जायसवाल और केएल राहुल की सलामी जोड़ी की दूसरी पारी में पहले विकेट की 172 रन की अटूट भागीदारी की बदौलत भारत ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पर्थ में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले क्रिकेट टेस्ट में शनिवार को अपनी कुल बढ़त 218 कर टेस्ट पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली। दूसरे दिन का खेल बंद होने के समय यशस्वी जायसवाल 193 गेंद खेल कर दो छक्कों और सात चौकों की मदद से 90 और केएल राहुल चार चौकों की मदद से 62 रन बनाकर खेल रहे थे। केएल राहुल को पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की गेंद पर विवादास्पद ढंग से तीसरे अंपायर ने विकेट के पीछे विकेटकीपर अलेक्स कैरी की गेंद पर कैच आउट घोषित किया था अन्यथा वह पहली पारी में बड़ी पारी खेलते।

पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में पहले दिन 17 विकेट गिरे लेकिन दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में उसके बाकी के मात्र तीन



विकेट ही गिरे। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने खुद सहित सात गेंदबाजों को आजमाया लेकिन कोई भी विकेट लेने में नाकाम रहा। पहली पारी ढीला शॉट खेलकर आउट होने वाले नौजवान सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने क्रीज पर टिक कर बल्लेबाजी कर दिखाया कि वह जरूरत पर लंगर डाल कर भी खेल सकते हैं। बीच बीच में यशस्वी जायसवाल ने अपरकट कर स्टार्क की गेंद पर चौका जड़ने के साथ फ्लिक कर खूबसूरत छक्का भी जड़ा। यह 1986 के बाद पहला मौका है जब भारत के दो सलामी बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसके घर में एक ही पारी में अर्धशतक जड़े। भारत के कप्तान जसप्रीत बुमराह (5/30) दूसरे सुबह शनिवार को विकेटकीपर बल्लेबाज अलेक्स कैरी (21 रन, 31 गेंद, तीन चौके) को ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद को खेलने को मजबूत विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच कर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर आठ विकेट पर 70 कर दिया। जसप्रीत बुमराह ने अपने टेस्ट करियर में 11वीं बार पारी में पांच या इससे ज्यादा विकेट चटकाए।

बुमराह ने एशिया से बाहर नौवीं बार पांच विकेट चटकाने के महान कपिल देव के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। कैरी अपने शुक्रवार के स्कोर में मात्र दो और ऑस्ट्रेलिया ने तीन रन जोड़ कर अपना यह विकेट खोया। अपना पहला टेस्ट खेल रहे तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने नाथन लॉयन (5 रन, 16 गेंद) को शॉर्ट गेंद पर स्लिप में केएल राहुल के हाथों कैच करा ऑस्ट्रेलिया का नौवां विकेट 79 पर निकाल दिया। मिचेल स्टार्क (26 रन, तीन चौके) ने दूसरे छोर से साथी बल्लेबाजों को आउट होता धैर्य खोया और ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद पर विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच करा ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी लंच के समय 104 रन पर समेट दी। यह ऑस्ट्रेलिया का भारत के खिलाफ चौथा सबसे कम स्कोर है। ऑस्ट्रेलिया ने सुबह सात विकेट पर 67 रन से आगे खेलना शुरू कर मात्र तीन विकेट मात्र 37 रन जोड़ कर खो दिए।

## जायसवाल और राहुल ने चायकाल तक की 84 रन की ओपनिंग साझेदारी

**पर्थ।** सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को 84 रन की ओपनिंग साझेदारी कर भारत को चायकाल तक सुखद स्थिति में पहुंचा दिया। भारत के पास अब कुल 130 रन की बढ़त हो गयी है। सुबह के दोनों सत्र भारत के नाम रहे। सुबह के सत्र में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 104 रन पर ढेर कर पहली पारी में 46 रन की बढ़त हासिल की। दूसरा सेशन भी भारत के नाम रहा। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने कमाल की बल्लेबाज़ी करते हुए चायकाल तक भारत का स्कोर बिना किसी नुकसान के 84 रनों तक पहुंचा दिया। जायसवाल 42 तो राहुल 34 रन बनाकर नाबाद हैं। अब तीसरे सेशन में भारत इस बढ़त को और आगे ले जाने का प्रयास करेगा। इससे पहले भारत ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 104 रन पर समेटकर 46 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। भारत के कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने पांच और हर्षित राणा ने तीन विकेट झटके। भारत ने अपनी पहली पारी में 150 रन बनाये थे। ऑस्ट्रेलिया ने कल के सात विकेट पर 67 रन से आगे खेलना शुरू किया।

# बुमराह ने पर्थ में खोला पंजा तोड़ा कपिल देव का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शनिवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में सातवीं बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया, और इस तरह से वे महान कपिल देव के साथ इन देशों में किसी भारतीय गेंदबाज के सबसे अधिक पांच विकेट लेने के मामले में बराबरी

■ **कपिल देव के बाद जसप्रीत बुमराह भारत के दूसरे तेज गेंदबाज हैं, जिन्होंने सबसे ज्यादा 7 बार 5 प्लस विकेट लिए हैं**

पर आ गए। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट के दौरान सेना परिस्थितियों में भारत के सर्वकालिक महान गेंदबाज के रूप में अपनी विरासत में एक और उपलब्धि जोड़ ली। ऐतिहासिक रूप से देशों में भारत का रिकॉर्ड कमजोर रहा है और 2000 के दशक में टीम ने रिकॉर्ड में सुधार किया है। कपिल देव के बाद जसप्रीत बुमराह भारत के दूसरे तेज गेंदबाज हैं, जिन्होंने देशों में सबसे ज्यादा 7 बार 5 प्लस विकेट लिए हैं। एक तरह इस मामले में जहां बुमराह ने कपिल की बराबरी की है। वहीं दूसरी ओर उन्होंने सबसे तेजी से इस कमाल को करने में कपिल का रिकॉर्ड भी तोड़ा है। देशों में 7 बार 5 प्लस विकेट लेने के लिए बुमराह ने जहां सिर्फ 51 पारियां खेली, वहीं कपिल देव ने ऐसा 62 पारियों में किया था। अब सेना देशों में 27 टेस्ट में बुमराह ने 22.55 की औसत से 118 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/33 रहा है। उन्होंने कुल सात बार पांच विकेट लिए हैं। उन्होंने



कपिल (7) के साथ बराबरी की है और उनके बाद बीएस चंद्रशेखर, जहीर खान (छह बार पांच विकेट) और बिशन सिंह बेदी, अनिल कुंबले (पांच बार पांच विकेट) का नंबर आता है। टेस्ट मैचों में पांच विकेट लेने वाले वे केवल पांचवें भारतीय कप्तान हैं, उनसे पहले वीनू मांकड़ (एक), बिशन (आठ), कपिल (चार) और कुंबले (दो) ने ऐसा किया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाले आखिरी भारतीय कप्तान कुंबले (5/84) थे, जिन्होंने 2007 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में यह कारनामा किया था। ऑस्ट्रेलिया ने वह मैच 337 रनों से जीता था। बुमराह ने जोहान्सबर्ग, मेलबर्न, नॉटिंघम, नॉर्थ साउंड, किंग्स्टन, केपटाउन, बेंगलुरु, विशाखापत्तनम और पर्थ में पांच विकेट लिए हैं, जिससे वह सभी परिस्थितियों में खेलने वाले एक शानदार गेंदबाज बन गए हैं।

# भारत को ओलंपिक जैसे बड़े टूर्नामेंट जीतने के लिए करना होगा फंड का सही इस्तेमाल : परगट

**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत के पूर्व हॉकी कप्तान ओलंपियन परगट सिंह खिलाड़ी, पंजाब के खेल निदेशक और राजनीतिज्ञ की भूमिका

■ **भारतीय पुरुष हॉकी टीम में आज सबसे ज्यादा खिलाड़ी खिलाड़ी पंजाब के**

कामयाब ढंग से निभा चुके हैं। परगट पहले नवजोत सिद्धू के साथ कांग्रेस में हैं। परगट की इस बात की सराहना करने चाहिए कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम में आज सबसे ज्यादा खिलाड़ी करीब सात आठ खिलाड़ी पंजाब के है और इन सभी को परगट सिंह ने पंजाब का खेल निदेशक रहते तलाशा और संवारा। परगट सिंह ने यहां शनिवार को एकामरा स्पोटर्स फेस्टिवल में स्टेट पॉवर , स्पोर्टिंग पॉवर सत्र में बोलते हुए कहा, 'एक अच्छे खिलाड़ी को तैयार करने में करीब एक से डेढ़



दशक का वक्त लगता है। आज आप भारत में चाहे किसी भी राज्य के खेल बजट की चर्चा करे या देश के खेल बजट की हम दोनों के ही कुल बजट का बमुश्किल 2 फीसदी ही खर्च होता है। देश के निजाम को चलाने चाहे वह राजनेता हों या नौकरशाह उनकी खेल उनकी सबसे आखिरी प्राथमिकता होते हैं। देश के राजनेता और नौकरशाह देश वह खिलाड़ियों के पदक के बारे में सवाल तो जरूर करता है, लेकिन जब इसके फंड की बात आती है तो चुप्पी साध जाता है। कोई देश कितना समृद्ध है इसकी सही तस्वीर उसके मैदान और अस्पताल बयां करते हैं। जिन देश के मैदान खिलाड़ियों से भरे रहते हैं उनके अस्पताल खाली रहते हैं। इसके उलट जिस देश के अस्पताल भरे होते वहां स्टेडियम खाली रहते हैं और अपने भारत की स्थिति कुछ इसी तरह की है। भारत में बराबर चीन के दुनिया की एक बड़ी खेल ताकत बनने की चर्चा होती है। आपको बता दें कि चीन में आज उसके औसत खिलाड़ियों की लंबाई दो से ढाई इंच बहुत बढ़ गई है।

## एचआईएल का हमारे खिलाड़ियों को बहुत लाभ मिलेगा: दिलीप टिर्की

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पूर्व हॉकी ओलंपियन दिलीप टिर्की ने कहा, 'मैं अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मैच परगट सिंह की कप्तानी में खेला और मेरे आदर्श भी हमेशा वही रहे। मुझमें और परगट भाई में एक समानता है कि हम दोनों हॉकी खिलाड़ी होने के साथ राजनीति में रहे। ओडिशा में पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भारतीय हॉकी को बढ़ावा देने के लिए बहुत काम किया। मौजूदा ओडिशा सरकार भी भारतीय हॉकी टीम और हॉकी इंडिया के साथ बराबर खड़ी है और हॉकी के लिए बहुत काम कर रही है। बहुत कम लोगों का मालूम होगा कि देश किसी भी खेल सबसे पहली लीग हॉकी में प्रीमियर हॉकी लीग (पीएचएल) थी और इसके बाद ही देश में क्रिकेट में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) शुरू हुई। हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में हमारे खिलाड़ियों को अपनी अपनी फ्रेंचाइजी में दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ और उनके खिलाफ खेलने से अपना खेल सुधारने का मौका मिलेगा।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 4-1 से जीतकर हैट्रिक पूरी करेगी टीम इंडिया : हरभजन

**पूर्णिया (बिहार),** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के पहले मुकाबले में दूसरे दिन के खेल की समाप्ति पर टीम इंडिया का पलड़ा हावी नजर आ रहा है। मैच का पहला दिन गेंदबाजों के नाम रहा था, लेकिन दूसरे दिन भारतीय सलामी बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी की और मैच पर पूरी तरह से नियंत्रण बना लिया। पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाली टीम सीरीज का पहला मैच जीतेगी और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 4-1 से जीतकर ऑस्ट्रेलिया में जीत की हैट्रिक पूरी करेगी। भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली चार टेस्ट श्रृंखलाएं जीती हैं जिसमें दो बार भारत में और दो बार ऑस्ट्रेलिया में उसे जीत मिली है। इस बार जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया में सीरीज जीत की हैट्रिक बनेगी। नियमित कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में कार्यवाहक कप्तान बुमराह ने शुक्रवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन पहली पारी में



**भारत का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। ऑस्ट्रेलिया में दबदबा बनाना एक कठिन काम है, जो उन्होंने अब तक किया है : हरभजन सिंह**

टीम मात्र 150 रन पर ढेर हो गई। जवाब में भारत ने गेंदबाजों के दम पर मैच में वापसी की और ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम को पहली पारी में 104 रन पर समेट दिया। दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 172 रनों की साझेदारी की और शनिवार को दूसरे दिन का खेल समाप्त होने से पहले भारत की बढ़त को 218 रनों तक पहुंचा दिया। जायसवाल और राहुल तीसरे दिन 90 और 62 रनों की पारी खेलकर भारत की बड़ी जीत की संभावनाओं को और अधिक मजबूत करेंगे। हरभजन ने शनिवार को कहा कि भारत का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। ऑस्ट्रेलिया में दबदबा बनाना एक कठिन काम है, जो उन्होंने अब तक किया है। मुझे उम्मीद है कि अच्छी शुरुआत के बाद वे श्रृंखला का अंत भी दबदबे के साथ करेंगे। अगर भारत ऑस्ट्रेलिया में श्रृंखला 4-1 से जीतता है तो यह बहुत खुशी की बात होगी।

## सार संक्षेप

### एचआईएल की कमाई से परिवार का भविष्य बनाना हैः हार्टे

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में तमिलनाडु ड्रैगन्स के लिए खेलने के लिए तैयार आयरिश हॉकी के दिग्गज डेविड हार्टे ने कहा है कि लीग से अपनी कमाई का उपयोग वह अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए करेंगे। हार्टे को एचआईएल नीलामी में 32 लाख रुपये में बेचा गया था। वह अपने परिवार के लिए एक नए घर और अपनी बेटियों की शिक्षा के लिए धन का उपयोग करने की उम्मीद कर रहे हैं। 'एचआईएल बियॉन्ड द गेम सीरीज़' के हिस्से के रूप में विशेष साक्षात्कार में, हार्टे ने कहा कि पहले एचआईएल का अनुभव करने के बाद, स्टेडियम में प्रशंसक और भीड़ ही मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित करती है। मेरा पहला भारतीय हॉकी अनुभव 2013 में नई दिल्ली में था, और मैं स्टेडियम के आकार और भारतीय समर्थकों के जुनून से दंग रह गया था।

### गावस्कर ने फर्जी लेख पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने एक क्रिकेट वेबसाइट पर उनके नाम से लेख लिखे जाने का पुरजोर खंडन किया है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी है। वेबसाइट क्रिकेट सेप्शन ने शुक्रवार शाम को नेतृत्व में एक नया युग : बुमराह की कप्तानी और कोहली के नेतृत्व ने टीम इंडिया को पुनर्जीवित किया शीर्षक से एक कॉलम प्रकाशित किया, जिसमें झूठा दावा किया गया कि यह पूर्व कप्तान द्वारा लिखा गया था। गावस्कर ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर इस मुद्दे को संबोधित किया, एक वीडियो साझा किया जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका लेख से कोई संबंध नहीं है और इसे तुरंत हटाने की मांग की। क्रिकेट के दिग्गज ने वेबसाइट से सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगने को भी कहा, चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### रोमांचक मुकाबले में राजस्थान से एक रन से हारा उत्तर प्रदेश

**पुणे।** प्रिया वर्मा की घातक गेंदबाजी के बावजूद उत्तर प्रदेश की अंडर 15 बालिका टीम राजस्थान से एक बेहद रोमांचक मुकाबले में मात्र एक रन से हार गयी। एमसीए ग्राउंड पर शनिवार को खेले गये मैच में राजस्थान ने पहले खेलते हुये 151 रनों का स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में यूपी की लड़कियां 150 रनो पर ढेर हो गयीं। यूपी के लिए पहले विकेट पर आफरीन शमीम और आन्या उपाध्याय के बीच 74 रनों की साझेदारी हुई थी। लेकिन उसके बाद यूपी की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। यूपी की ओर से आन्या उपाध्याय ने 78 गेंदों का सामना कर सात चौकों की मदद से सबसे ज्यादा 48 रन बनाए। इसके अलावा आफरीन शमीम ने 47 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 24 रन बनाए। इसके अलावा यशिका 18 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से तेज 24 रन बनाकर नाबाद रहीं। अन्य बल्लेबाजों में सिर्फ गरिमा सिंह (16) ही दो अंकों का स्कोर बना सकीं। राजस्थान की ओर से रोचेली यादव ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया।

# मुश्ताक अली ट्रॉफी : तिलक वर्मा लगातार तीसरा टी-20 शतक बनाने वाले पहले क्रिकेटर बने

**राजकोट,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा ने शनिवार को रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया, वे लगातार तीन टी-20 शतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। हैदराबाद के 22 वर्षीय कप्तान ने सौराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम सी में मेघालय के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के पहले मैच में यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जहां उन्होंने सिर्फ 67 गेंदों पर नाबाद 151 रन बनाए - जो किसी भारतीय पुरुष क्रिकेटर द्वारा टी20 में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। तिलक की धमाकेदार पारी में 14 चौके और 10 गगनचुंबी छक्के शामिल थे, जिससे उन्होंने हैदराबाद को एक मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। उनकी पारी ने श्रेयस अय्यर के 147 रन के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जो किसी भारतीय द्वारा



■ **यह शतक महज 10 दिनों में तीसरी बार है जब उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में तीन अंकों का आंकड़ा पार किया**

टी20 में सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए तिलक ने 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और शतक बनाने के लिए उन्हें केवल 51 गेंदों का सामना करना पड़ा। यह शतक महज 10 दिनों में तीसरी बार है जब उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में तीन अंकों का आंकड़ा पार किया। तिलक की शानदार फॉर्म भारत के हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के टी20 दौरे से शुरू हुई, जहां उन्होंने सेंचुरियन और जोहान्सबर्ग में लगातार दो शतक जड़कर भारत को 3-1 से सीरीज में जीत दिलाई। ऐसा करके, वह संजू सैमसन के बाद लगातार टी-20 शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए। इस नवीनतम उपलब्धि के साथ, तिलक के टी20 करियर की कुल संख्या अब 90 पारियों में 2950 से अधिक रन हो गई है, जिसमें चार शतक शामिल हैं। उनके प्रदर्शन की खासियत यह रही है कि वे पारी को संभालने के साथ-साथ अपनी इच्छानुसार तेजी से रन बनाते हैं, जिससे वे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों ही सेटअप में अहम खिलाड़ी बन गए हैं। फ्रेंचाइजी क्रिकेट में तिलक के कारनामे किसी की नजर से नहीं छूटे हैं।

# 'मैं अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं' : हर्षित राणा

**पर्थ,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मुकाबले में भारत ने दमदार कमबैक किया है, जिसका श्रेय भारतीय तेज गेंदबाजों का जाता है। तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने कप्तान जसप्रीत बुमराह का बखूबी साथ दिया और ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को 104 रन पर समेट दिया। भारत ने 46 रन की बढ़त के साथ दूसरी पारी का शानदार आगाज किया और दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक बिना कोई विकेट गंवाए 172 रन और जोड़े लिए। यशस्वी जायसवाल (नाबाद 90) और के.एल. राहुल (नाबाद 62) के बीच 172 रनों की अटूट साझेदारी ने भारत को 218 रनों की बढ़त दिला दी। दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में राणा ने कहा कि वह अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हैं, जिसमें खतरनाक बल्लेबाज ट्रेविस हेड का विकेट भी शामिल है। राणा ने बताया कि बुमराह



और विराट कोहली से मिले सुझावों ने उनकी काफी मदद की जिससे डेब्यू टेस्ट मैच में अच्छा प्रदर्शन करने में उन्हें मदद मिली। उन्होंने कहा कि मैं अपना डेब्यू कर रहा था। जिस तरह से उन्होंने मुझे परिस्थिति के लिए तैयार किया..., शुरुआत में उन्होंने तीन विकेट लिए, इससे मेरे लिए चीजें थोड़ी आसान हो गईं। इसलिए अगर कोई मुझे जस्सी भैया की तरह शुरुआत देता है, जैसे वह बल्लेबाज पर दबाव बनाते हैं, तो दूसरे छोर से गेंदबाज के लिए यह बहुत आसान हो जाता है। विराट भैया और जस्सी भैया अपने इनपुट देते रहते हैं, जैसे कि गेंदबाजी में क्या करना चाहिए, गेंद कहां डालनी है और कहां नहीं डालनी है। इसलिए, इससे मुझे एक अलग आत्मविश्वास मिलता है कि हां, वे बता रहे हैं, इसलिए मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगा। राणा को उनके असाधारण कौशल और बेहतरीन गेंदबाजी के कारण टेस्ट टीम में जगह मिली थी, खासकर आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स की जीत में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। इस गेंदबाज ने अपनी कड़ी मेहनत और बचपन की यादों को याद किया जिसमें सुबह जल्दी उठकर भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट मैच देखना और अब पहले पर्थ में अपने टेस्ट डेब्यू के बारे में सुनकर भावुक होना भी शामिल था। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यहां डेब्यू करना बहुत बड़ी बात है, क्योंकि मैं लंबे समय से अपने अंतरराष्ट्रीय डेब्यू का इंतजार कर रहा था।

# आईपीएल नीलामी : पंत, राहुल, अय्यर पर रहेंगी नजरें

**नई दिल्ली,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। क्रिकेट जगत के सबसे बड़े आयोजनों में से एक - इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी - शनिवार को सऊदी अरब के जेद्दा में होगी। मैदान के बाहर की रणनीति और कड़ी खोजबीन के महीनों बाद, यह सब विशुद्ध रूप से व्यवसायिक होगा क्योंकि 10 फ्रेंचाइजी 2025 सत्र और उसके बाद के लिए सर्वश्रेष्ठ संभावित टीम की तलाश करेंगी। कुल मिलाकर, 367 भारतीय और 210 विदेशी सहित 577 खिलाड़ी आगामी सत्र के लिए उपलब्ध अधिकतम 204 स्लॉट (70 विदेशी) को भरने के लिए अपनी किस्मत आजमाएंगे। भारतीय खिलाड़ियों में से 48 कैप्ड हैं और बाकी अनकैप्ड पेशेवर हैं, जबकि 197 कैप्ड विदेशी और 12 अनकैप्ड विदेशी खिलाड़ी दांव पर होंगे। इस साल, एसोसिएट देशों के तीन खिलाड़ी भी अपनी किस्मत



आजमाएंगे। नीलामी की कार्यवाही भारतीय सितारों ऋषभ पंत, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर जैसे मार्की खिलाड़ियों के पहले सेट के साथ शुरू होगी - इन तीनों ने पिछले सीजन में अपनी-अपनी टीमों का नेतृत्व किया था, लेकिन उन्हें अपने संबंधित फ्रेंचाइजी द्वारा रिटेन नहीं किया गया था - जिनका आधार मूल्य 2 करोड़ रुपये है। यह अनुमान लगाया जा रहा है कि पंत टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे

■ **भारतीय खिलाड़ियों में से 48 कैप्ड हैं और बाकी अनकैप्ड पेशेवर हैं, जबकि 197 कैप्ड विदेशी और 12 अनकैप्ड विदेशी खिलाड़ी दांव पर होंगे**

महंगे खिलाड़ियों में से एक हो सकते हैं, क्योंकि दिल्ली कैपिटल्स को राइट-टू-मैच कार्ड (आरटीएम) का उपयोग करने का लाभ मिलेगा। मार्की खिलाड़ियों के अन्य सेट में युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज शामिल हैं। वहीं, आईपीएल नीलामी में अब तक की सबसे ऊंची बोली पाने वाले मिशेल स्टार्क, जोस बटलर, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मिलर और कैगिसो रबाडा मार्की सूचियों के दो सेटों में पांच विदेशी खिलाड़ी हैं। कुल 82 खिलाड़ियों (जोफ्रा आर्चर को जोड़ने के बाद) ने खुद को 2 करोड़ रुपये के शीर्ष मूल्य वर्ग के तहत चिह्नित किया है और दो दिवसीय मेगा इवेंट में सुर्खियां बटोरने की उम्मीद करेंगे। अन्य खिलाड़ियों में 27 खिलाड़ी 1.5 करोड़ रुपए, 18 खिलाड़ी 1.25 करोड़ रुपए, 23 खिलाड़ी 1 करोड़ रुपए, 92 खिलाड़ी 75 लाख रुपए, आठ खिलाड़ी 50 लाख रुपए, पांच खिलाड़ी 40 लाख रुपए और 320 खिलाड़ी 30 लाख रुपये की कीमत वाले हैं। 42 साल की उम्र से करीब तीन हफ्ते पहले अपने शानदार रेड-बॉल करियर का अंत करने वाले इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने सबको चौंका दिया, क्योंकि उन्होंने अपनी पहली आईपीएल फ्रेंचाइजी की तलाश में 1.25 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर खुद को रजिस्टर किया।

## संतोष ट्रॉफीः ओडिशा ने छत्तीसगढ़ को हराकर फाइनल राउंड में जगह बनाई

**अमृतसर,** 23 नवम्बर (एजेंसियां)। ओडिशा ने शनिवार को जीएनडीयू स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में छत्तीसगढ़ को 4-1 से हराकर ग्रुप एफ क्वालीफायर से संतोष ट्रॉफी के लिए 78वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। ओडिशा ने तीन टीमों के ग्रुप में दोनों मैच जीतकर छह अंक हासिल किए। उन्होंने 10 गोल किए और दो खाए। ओडिशा ने शुरुआत में ही आक्रामक शुरुआत की और चौथे मिनट में पहला गोल किया। हमेशा की तरह शानदार स्ट्राइकर रोशन पन्ना ने शुरुआती बढ़त हासिल की और दाएं से क्रॉस भेजने से पहले कुछ डिफेंडरों को चकमा दिया। जीतू मुदुली, जो अंदर इंतजार कर रहे थे, ने एक चतुर हेडर के साथ गोल किया। ओडिशा के एक और उल्लेखनीय आक्रमणकर्ता कार्तिक हंतल ने 39वें मिनट में दूसरा गोल किया। ओडिशा ने दूसरे हाफ में प्रतिद्वंद्वी गोल पर लगातार हमले जारी रखे और 53वें मिनट में अपना तीसरा गोल किया, जब कार्तिक हंतल ने जवाबी हमले का पूरा फायदा उठाते हुए अपने व्यक्तिगत स्कोर में दूसरा गोल किया।

## सार समाचार

### ब्राह्मण विकास परिषद की बैठक आज

**विदिशा, देशबन्धु।** आगामी 22 दिसंबर 2024 को मध्य प्रदेश ब्राह्मण विकास परिषद विदिशा द्वारा आयोजित ब्रह्म सभा एवं परिचय सम्मेलन की तैयारी के विषय में एक अत्यंत आवश्यक बैठक आज 24 नवंबर रविवार को दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक स्थान बालाजी मंदिर किलेअंदर में रखी गई है। जिसमें मध्य प्रदेश ब्राह्मण विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पं. राकेश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष पं. मानवेंद्र शर्मा ने अधिक से अधिक संख्या में स्वजातीय बंधुओं से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### 36 लाख से बनने वाली सड़क का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया भूमि पूजन

**विदिशा, देशबन्धु।** वार्ड-39 में 36 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा एवं पार्षद दीपक कुशवाहा के द्वारा किया गया। भूमि पूजन के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने कहा कि आज हमने 36 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का भूमि पूजन किया है और पहले भी इस वार्ड में कई भूमि पूजन करोड़ों रुपये के इस वार्ड में कर चुके हैं। हम शहर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। राकेश शर्मा ने शहर वासियों से साफ-सफाई का भी आग्रह किया और कहा कि आप लोग अपने घर के आस पास साफ-सफाई रखे, अपने घरों का कचरा वाहन में ही डाले ताकि हमारा विदिशा साफ और स्वच्छ दिखाई दे। इस दौरान वार्ड पार्षद दीपक कुशवाह ने कहा कि नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के नेतृत्व में हम वार्ड के विकास के कार्य कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। अध्यक्ष जी हमारे सभी विकास के कार्य तत्परता से करते हैं। इसके लिए में उनका धन्यावाद एवं आभार प्रकट करता हूं। इस दौरान भूमि पूजन कार्यक्रम में सम्मलित भाजपा नेता मनोज रघुवंशी, धन्नालाल सूर्यवंशी सहित वार्ड 39 के सभी रहवासी उपस्थित रहे।

### थाने में हुई मैरिज गार्डन और डीजे संचालकों की बैठक

**विदिशा, देशबन्धु।** थाना कोतवाली विदिशा प्रांगण में विदिशा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में एसडीएम विदिशा क्षितिज शर्मा, सीएसपी विदिशा अतुल सिंह, थाना प्रभारी कोतवाली मनोज दुबे, थाना प्रभारी सिविल लाइन शाहबाज खान की उपस्थिति में नगर के सभी डीजे एवं मैरिज गार्डन संचालकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मध्य प्रदेश शासन की नवीन गाइडलाइन नियम एवं दिशा निर्देश से अवगत कराया गया। डीजे को निर्धारित डेसीबल का अनुपालन कराए जाने हेतु समझाईश दी गई। डीजे को न्यायालय की गाइडलाइन के अनुसार समय पर बंद करने की समझाइश दी गई, मैरिज गार्डन संचालकों को पार्किंग व्यवस्था हेतु समुचित व्यवस्था करने, गार्डन में समुचित कैमरे लगाने हेतु समझाइश दी गई एवं नियमों का पालन न करने पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई।

### वर्धा के मऊआखेड़ा के निवासी सड़क हादसे में घायल

**विदिशा, देशबन्धु।** नटेरन थाना क्षेत्र के वर्धा के नजदीक ग्राम महुआखेड़ी निवासी 45 वर्षीय बटनलाल पंथी सड़क के किनारे बहाल अवस्था में मिले थे। परिवार के सदस्यों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शनिवार को पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। नटेरन थाना टीआई आशुतोष सिंह ने कहा कि मर्ग कायम कर आगे की जांच की जा रही है।

### कांग्रेस ने किया सद्बुद्धि यज्ञ

**विदिशा, देशबन्धु।** शनिवार को विवेकानंद चौराहे पर विदिशा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय प्रशासन को जगाने के लिए सद्बुद्धि यज्ञ किया गया। इस सद्बुद्धि यज्ञ में कई स्थानीय कार्यकर्ता शामिल हुए। इस संबंध में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी का कहना है कि विदिशा में विवेकानंद चौराहे से आरटीओ ऑफिस तक 2 साल पहले आरसीसी रोड डाला गया था, जिसकी गारंटी भी खत्म नहीं हुई थी और अभी पुन: आरसीसी के ऊपर डामरीकरण रोड कर दिया गया है। आप लोग खुद बताइए कि इसमें प्रशासन का व्यर्थ पैसा क्यों फेंका जा रहा है। जिस आरसीसी रोड की गारंटी खत्म भी नहीं हुई है उसके ऊपर डामर की रोड क्यों डाला गया है। इस संबंध में जिलाध्यक्ष का कहना है कि ऐसे भ्रष्ट अधिकारी जिन्होंने आरसीसी के ऊपर डामर रोड डालने की अनुमति दी है, उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

# कलेक्टर ने की बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों की हौंसला अफजाई

**सीएम राइज स्कूल में अचानक पहुंच कर लिया शैक्षणिक कार्यों का जायजा**



**विदिशा, देशबन्धु।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शनिवार को विदिशा जिला मुख्यालय के सीएम राइज स्कूल में अचानक पहुंच कर शैक्षणिक कार्यो का जायजा लिया है। शिक्षकों की उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया। समय पर तीन शिक्षकों द्वारा पंजी पर हस्ताक्षर नहीं करने पर उन्होंने कारण बताओ पत्र जारी करने के निर्देश प्रभारी प्राचार्य बलराम चैधरी को दिए हैं। कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षार्थियों को अब फिल्ड विजिट पर नहीं भेजने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब हो कि शनिवार को 12वी कक्षा के छात्र-छात्राएं को भोपाल फिल्ड विजिट पर भेजा गया है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने दसवीं बोर्ड के परीक्षार्थियों को संबोधित करते हुए उनका हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि परीक्षा के निर्देशों को पहले पढ़ें फिर जिन प्रश्नों के उत्तर अच्छी तरह से आते है उनको प्राथमिकता के आधार पर हल करें। पिछले चार-पांच साल के पेपर जरूर हल करने की समझाइश देते हुए समय-सीमा पर भी अभ्यास के दौरान ध्यान देने तथा लिखावट स्वच्छ स्पष्ट पठनीय हो इसके अलावा परीक्षा में पास होने के लिए अन्य किन बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करे को सहज तरीकों से सांझा किया है। कलेक्टर ने बच्चों से संवाद के दौरान उन्होंने को तकलीफ तो नहीं है को जाना और सभी परीक्षार्थी सफल हो की शुभकामनाएं अभिव्यक्त की है।

### कलेक्टर ने दवा दुकानों का निरीक्षण



**विदिशा, देशबन्धु।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शनिवार को विदिशा शहर में संचालित मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेश तिवारी के अलावा अन्य चिकित्सक साथ मौजूद रहे। पुराने जिला चिकित्सालय के समीप संचालित हो रहे मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बालाजी श्री मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधात्मक दवा पाए जाने की अशंका को ध्यान रखते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

## महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन की जीत पर आतिशबाजी कर बांटी मिठाई



**सिरोंज, देशबन्धु।** महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर नगर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एवं मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया। शनिवार सुबह मतगणना के प्रारंभ होने बाद से ही महाराष्ट्र में भाजपा की बढ़त दिखाई देने लगी थी जो दोपहर होते होते स्पष्ट जीत दर्ज हो गई। इसके बाद शाम चार बजे भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवीन बस स्टैंड पर एकत्रित हुए और भाजपा के पक्ष में जोरदार नारेबाजी करते हुए आतिशबाजी की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशियां व्यक्त की। इस अवसर पर भाजपा के नेता रमेश यादव ने कार्यकर्ताओं एवं जनता को बधाई देते हुए कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर विकास के लिए भाजपा गठबंधन को अपना बहुमत प्रदान किया है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष पारस तारण,हरीबाबू भार्गव,संतोष चौरे,नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, मनोज शर्मा, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव, महामंत्री हरिचरण अहिरवार, सुमंत मित्तल,पार्षद सचिन शर्मा, तोषमणि पंथी,धर्मेंद्र जैन,राजू रघुवंशी,राजू रिछारिया,नरेन्द्र पाटीदार आदि के साथ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## बेहलोट स्कूल में हुआ एक पेड़ मां के नाम अभियान कार्यक्रम



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** नेहरू युवा केंद्र विदिशा के तत्वाधान में सावित्री महिला मंडल के सहयोग से शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय बैहलोट में आज एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोनाली शेवड़े, प्रधानाध्यापक काशीराम मालवीय, सावित्री महिला मण्डल की लक्ष्मी शर्मा के द्वारा मां सरस्वती की पूजन अर्चन कर दीप प्रज्ज्वलित माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस मौके पर छात्र छात्राओं सहित शालेय स्टॉफ उपस्थित रहा। छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक रंगोली चित्रकला स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें चयन मण्डल द्वारा सबसे सुन्दर चित्रकला, स्लोगन, निबंध में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार स्वरूप छात्रों को प्रशस्ति पत्र शील्ड प्रदान की गई। प्रथम पुरस्कार कक्षा 7 के छात्र सचिन कुशवाह, द्वितीय पुरस्कार कक्षा 7 की छात्रा चंचल कुशवाह एवं तृतीय पुरस्कार कक्षा 8 की लक्ष्मी विश्वकर्मा एवं तीन सांत्वना पुरस्कार में कक्षा 6 की छात्रा रंजना यादव कक्षा 7 की छात्रा तान्या सेन कक्षा 8 की छात्रा लक्ष्मी अहिरवार को प्रदान किया गया। इस दौरान सोनाली शेवड़े द्वारा अपने संबोधन में जहां पेड़ों के महत्व वृक्षारोपण पर जोर दिया गया और कहा गया कि सभी छात्र छात्राएं अपनी मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगाए। कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रधानाध्यापक काशीराम मालवीय ने अपने संबोधन में कहा की की देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक अभियान चलाया जा रहा है कि एक पेड़ मां के नाम लगाना है इसी क्रम में देश में पांच करोड़ पेड़ लगाए जा चुके हैं। ग्लोबल वार्मिंग, वातावरण प्रदूषण, रोकने एवं जलवायु संतुलन को बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण अति आवश्यक है। वही लक्ष्मी शर्मा द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर अपने संबोधन में कहा कि यदि हम वर्तमान में पेड़ों का संरक्षण नहीं किया गया तो हमारा भविष्य खतरे में है। सभी छात्र छात्राओं से पेड़ लगाने की अपील की गई। सावित्री महिला मंडल परिवार द्वारा सभी अतिथियों को पौधे भेंट किए गए। कार्यक्रम समापन के समय सैकड़ों छात्र छात्राओं सहित शालेय स्टॉफ में वेदप्रकाश दुबे, भूपेंद्र कुमार सेन, राजेश कुमार चौधर, सरिता ठाकुर मौजूद रही।

### खेल मेले का आयोजन



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** शासकीय एकीकृत उत्कृष्ट विद्यालय, पवई, भालबामौरा, कुल्हार में खेल मेला आयोजित किया गया। दानी स्पोर्ट्स फाउंडेशन एवं पीरामल फाउंडेशन के सहयोग प्रसून संस्था एवं कुरवाई विकासखंड के 50 शासकीय माध्यमिक विद्यालय में साक्षरता एवं शिक्षा, जीवन कौशल को लेकर विगत एक वर्ष से कार्य निरंतर संचालित किया जा रहा है। उत्कृष्ट विद्यालय में कार्यक्रम का शुभारंभ बीआरसी बृजेंद्र रघुवंशी, सीएसी गंगाराम जाटव एवं महेंद्र गौर द्वारा किया गया। मेले में छात्र- छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों की भागीदारी रही। जिसमें विभिन्न प्रकार के मनोरंजक गतिविधियां खो-खो, कबड्डी, बौरा दौड़, बैलून इन द सर्कल, पास द बैलून, खजाना चुराना, म्यूजिकल चेयर रेस आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर हैडमास्टर अनिल कुमार दुबे द्वारा विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। साथ ही ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान समर कैंप में 101 चयनित स्वयंसेवकों द्वारा सहयोग करने पर संस्था के माध्यम से प्रभारी एमएस शर्मा द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में नोडल शिक्षक रुचिता यादव एवं छलांग टीम से प्रमोद पटेरिया, प्रदीप यादव, नेहा शर्मा, सुमित तिवारी शीतल दांगी एवं संतोष राय का सहयोग रहा।

## भाजपा की विजय पर ढोल ढमाकों के साथ मनाई खुशी



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्थानीय जयस्तंभ चौक पर विधानसभा चुनाव एवं उपचुनावों में मिली प्रचंड जीत का जश्न मनाया गया। विधानसभा चुनाव में भाजपा की महाराष्ट्र में ऐतिहासिक जीत एवं अन्य अन्य राज्यों समेत मध्यप्रदेश के बुदनी में पूर्व संसद रमाकांत भार्गव भारी मतों से विजय पर भाजपा नगर मंडल द्वारा जयस्तंभ चौक पर ढोल धमाकों के साथ मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया गया। इस दौरान विधायक हरिसिंह रघुवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादौन, गोविंद पटेल, रज्जन अग्रवाल,जीतेंद्र मीणा, मंडल अध्यक्ष सनी भावसार, महेंद्र लोधी, नीरज मिश्रा, अतुल नेमा, समीर किरमानी, रूपेंद्र शर्मा, स्वप्निल जैन, राकेश खटीक, राजू रैकवार, अनूप शर्मा, दीपक शर्मा, विवेक अधिकारी,शबनम बी,सुमन आचार्य, आरती श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बच्चों ने बासौदा को जिला बनाने मख्यमंत्री और कृषि मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** अध्ययन के नन्हें मुन्हें बच्चों ने बासौदा को जिला बनाने हेतु मुख्यमंत्री मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री के शिवराज सिंह चौहान के नाम एक ज्ञापन दिया। जिसमें सभी बच्चों ने एक मांग रखी कि हम सभी बच्चे अभी बहुत छोटे है, आगे चलकर जब हम बड़े होंगे तब हमारे शहर में बेहतर शिक्षा, उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं, रोजगार के अवसर, नशा मुक्त , बेहतर सड़क व्यवस्था जिससे धूलयुक्त शहर हमारा हो। सभी बच्चों ने एक्ट के माध्यम से अपनी बात समझाने की कोशिश कि अभी वर्तमान में हमारे शहर की क्या स्थिति है और यदि हमारा शहर जिला बन जाएगा, तब क्या स्थिति होगी। आवेदन को लेने के लिए एसडीएम कार्यालय से मयंक शर्मा आए, जिन्होंने बताया कि शायद पहली बार इतने छोटे बच्चों ने ज्ञापन देकर अपनी मांग रखी। उन्होंने बताया कि वो जल्द से जल्द इस पत्र को कलेक्टर सर को प्रेषित करेंगे फिर उसके बाद ये पत्र मुख्यमंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री को भेज दिया जायेगा।

## रामराजा के विवाह महोत्सव की शुरुआत



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** चक्रवर्ती भगवान रामराजा के विवाह महोत्सव की शुरुआत शनिवार को लगुन के साथ हो गई। राम जी की लग्न पत्रिका को गाजे बाजे के साथ सावरकर चौक स्थित हनुमान जी को सौंपी गई जहां चल समारोह के रूप में सदर बाजार स्थित सिद्धेश्वर शिव मंदिर पहुंची। पूजा अर्चन के बाद लगुन पढ़ी गई। 6 दिसंबर को नगर में धूमधाम से दोपहर 12 बजे चक्रवर्ती भगवान श्री राम जी के विवाह की भव्य बारात निकालकर विवाह महोत्सव मनाया जाएगा। 28 नवंबर को सीता जी की गोद भराई की रस्म होगी। ज्ञात हो कि नगर में श्री रामरस धारा परिवार की ओर से पहली बार चक्रवर्ती श्री राम बारात महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है जिसकी शुरुआत शनिवार को राम जी की लगुन और मटियाने से हुई। जनक जी की भूमिका में वधु पक्ष की ओर से राजकुमार नेमा के निवास से लग्न पत्रिका गाजेबाजे और अन्य सामग्री के साथ चल समारोह के रूप में सावरकर चौक स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। जनक पक्ष की ओर से लग्न पत्रिका हनुमान जी को सौंपी गई जहां ढोल और पटाखों के बीच वधू पक्ष के लोग लग्न पत्रिका को लेकर सदर बाजार स्थित शिव मंदिर पहुंचे।

## राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता का आज होगा फाइनल



विदिशा, देशबन्धु। जिला खेल परिसर में आयोजित हो रही 68वीं राज्य स्तरीय शालेय अंडर-19 आयु वर्ग के बालक- बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन शनिवार को खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने अतिथि के रूप में समाजसेवी अतुल शाह, जिला शिक्षाधिकारी आरके ठाकुर, सूबेदार मोनिका शर्मा, व्यापार महासंघ उपाध्यक्ष आशीष मोदी, महामंत्री गट्टू जैन, स्प्रिंगफील्ड स्कूल के डायरेक्टर करण राणा, खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल के कोच जेपी सिंह, लायंस क्लब बेतवा की प्रेसिडेंट अंजू मित्तल, रीजनल हेड संध्या सिलाकारी, जोनल हेड डॉटर आरती शर्मा, सीमा शर्मा, सुनीता सोनी, वरिष्ठ खिलाडी राजेंद्र पवार, घनश्याम मालवीय, शेखावत अली, अनिल यादव, कपिल वालेचा, कपिल मतानी, साकेत अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच के रोमांच का आनंद लिया। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल इंदौर बनाम जनजाति के मध्य खेला गया। श्रीमान के तीन और यासिर के एक गोल की बदौलत 4-0 से इंदौर जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरा सेमीफाइनल भोपाल बनाम उज्जैन के मध्य खेला गया, लेकिन दोनों ही टीमें गोल करने में सक्षम नहीं रही। मैच का फैसला पेनल्टी पर गया। पेनल्टी में उज्जैन ने 5-3 के स्कोर से फाइनल में जगह बनाई जो कि आज इंदौर का सामना करेगी।

बालिका वर्ग का पहला सेमीफाइनल नर्मदापुरम बनाम उज्जैन के मध्य खेला गया। जिसमें दोनों टीमों ने दो दो गोल किए। मैच का फैसला पेनल्टी पर हुआ, जिसमें नर्मदापुरम ने 5-3 के स्कोर से फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल जनजाति बनाम ग्वालियर के मध्य खेला गया। दोनो ही टीमें तय समय में एक-एक गोल ही कर सकी। दूसरा सेमीफाइनल भी पेनल्टी के हत्थे चढ़ा।

## एलबीएस कॉलेज में हुई सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं



**सिरोंज, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ द्वारा भारतीय ज्ञान परम्परा से संबंधित विभिन्न अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा से संबंधित भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, लोक गीत तथा सामान्य ज्ञान आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति सदस्य आशी जैन की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उमा पाल एम. एससी. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान काजल राजपूत एम. एससी. प्रथम सेमेस्टर, तृतीय स्थान विनीता कुशवाह बी.ए. तृतीय वर्ष तथा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में रिशिता साहू बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान काजल राजपूत एम. एससी. प्रथम सेमेस्टर, तृतीय स्थान उमा पाल, राज शर्मा और अर्पित कोली बी.एससी. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उमा पाल, द्वितीय स्थान रिशिता साहू तथा तृतीय स्थान वंदना विश्वकर्मा बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में लोक गीत एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लोक गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंदना विश्वकर्मा, द्वितीय स्थान शिवम सेन बी.ए. प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान विनीता कुशवाह बी.ए. तृतीय वर्ष और संजना राजपूत ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार उमा पाल, द्वितीय शिवम सेन और तृतीय रिशिता साहू को मिला। सर्वप्रथम अतिथि आशी जैन तथा प्राचार्य डॉ. लाल चंद्र राजपूत, वरिष्ठ प्राध्यापक एस. आर. तिवारी, डॉ. आर के वाखला, अनामिका ठाकुर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात् अथितियों का स्वागत शॉल श्रीफल से किया गया। कार्यक्रम की रुपरेखा डॉ. कल्पना पंचोली द्वारा प्रस्तुत की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लाल चंद्र राजपूत ने कहा कि भारतीय ज्ञान की परंपराएं समृद्धशाली और गरिमापूर्ण रही हैं। आपने रामराज्य, कवि बिहारी और आल्हा- ऊदल का उदाहरण दे कर उनकी रचनाओं का वर्णन किया।

अतिथि आशी जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों को अकादमिक गतिविधियों के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी सहभागिता करना चाहिए जिससे उनके व्यक्तित्व का विकास होता है। जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव ने कार्यक्रम की सफलता पर समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी भगवत सिंह पाल, संयोजक डॉ. कल्पना पंचोली, सदस्य डॉ. रूबी ताम्रकर, डॉ. सोनिया पटेल, डॉ. अभिषेक चौहान, डॉ. साधना कुमारी झा द्वारा किया गया।

# ताप्ती तीरे

## सार-समाचार

### दिवाली गोठान सांस्कृतिक महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक आज

**बैतूल, देशबन्धु।** सर्व आदिवासी समाज के तत्वावधान में जिला स्तरीय दिवाली गोठान सांस्कृतिक महोत्सव की तैयारी को लेकर पड़ापेन ठाना सदर बैतूल में रविवार 24 नवंबर को सुबह 10 बजे से बैठक रखी गयी हैं। संगठन के अविनाश धुर्वे ने जिले के आदिवासी सामाजिक बंधुओं, सभी आदिवासी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया हैं।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जुबेर खान राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन



**भैंसदही, देशबन्धु।** सीएम राइस स्कूल के 6 छात्र का चयन जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में संभागीय स्तर पर हुआ था यह प्रतियोगिता राज्य स्तरीय सीधी जिले के भूईमाड़ मैं आयोजित की गई जिसमें 6 छात्र शामिल हुए थे अच्छे परफॉर्मेंस फर्स्ट आने पर राज्य प्रतियोगिता में जुबेर खान पिता पूर्व पार्षद रफीक खान का चयन हुआ आपको बता दे की जुबेर खान के बड़े भाई उजेर खान इसके पूर्व में भी राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले चुका है जुबेर खान पूर्व पार्षद रफीक खान के पुत्र है जुबेर के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर नगर के गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार बंधु टीम के मैनेजर जगदीश वाकाडरे आठनेर कोच नितेश मालवीय ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मासूम बच्चो को ठंड से बचाने सर्दी की वर्दी अभियान चलाया

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला चिकित्सालय में शनिवार प्रातः अभिनव कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाजसेवी धीरज हिरानी के मार्गदर्शन में नवजात शिशुओं को ठंड से बचाने सर्दी की वर्दी अभियान



प्रारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक बारंगा, समाजसेवी नेमीचंद मालवीय, समाजसेवी शैलेंद्र बिहारिया, दीप मालवीय ने की। कार्यक्रम में नवजात शिशुओं के लिए कपड़े, मोजे, टोपे बाटे गए। वहीं ग्रामीण महिलाओं के लिए शाल भेंट की गई। इस अवसर पर सर्दी की वर्दी अभियान की सराहना करते हुए अतिथियों ने कहा की यह सारहनीय पहल है। समाजसेवी धीरज हिरानी ने ठंड में सभी से जरूरतमंदों को गर्म कपड़े भेंट करने की अपील की है।

### जामगांव में नल-जल योजना ठप, लोग पानी के लिए परेशान

**बैतूल, देशबन्धु।** हिवरा पंचायत के ग्राम जामगांव के वॉर्ड क्रमांक 15 और 16 के निवासियों को पिछले एक महीने से नल-जल योजना का पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण अंकित ताम्रकार का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि पहले भी कई बार पानी की आपूर्ति बाधित हो चुकी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नल चालक अपनी मनमानी करता




है। नल चालक से टालमटोल भरे जवाब मिलते हैं और पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं। पिछले एक महीने से वॉर्ड 15 और 16 के लोग पानी के लिए दूरदराज के हैंडपंपों और कुओं पर निर्भर हैं। ग्रामीणों ने पंचायत से मांग की है कि नल-जल योजना की सप्लाई को नियमित किया जाए और नल चालक की मनमानी पर अंकुश लगाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि इस योजना में अनियमितता लंबे समय से जारी है।

### लायंस क्लब महक ने दिया बच्चों को ठंड से बचने का तोहफा

**बैतूल, देशबन्धु।** गरीब बच्चों को स्कूल जाते समय ठंड से बचाने के लिए लायंस क्लब महक बैतूल ने गर्म कपड़े वितरित किए। इस सेवा कार्यक्रम में लायंस क्लब की चेयरपर्सन लायन कंचन आहूजा ने 100 से अधिक बच्चों को वुलन पायजामा, टीशर्ट, और बनियाने भेंट की। लायंस क्लब की चेयरपर्सन कंचन आहूजा ने बताया कि कंचन होजियरी के संचालक शंकर आहूजा ने इस कार्य में मदद करते हुए लायंस क्लब महक को स्कूली बच्चों को सर्दी से बचाने लिए गर्म कपड़े उपलब्ध कराए है। कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब की प्रेसिडेंट दीप्ती दुबे ने बच्चों को ठंड से बचने के प्रभावी उपाय बताए। उन्होंने बच्चों को समझाया कि सर्दी में खुद को सुरक्षित रखना कितना जरूरी है और इसके लिए किन सावधानियों को अपनाना चाहिए।

# संविधान की प्रति लेकर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पहुंचे तहसील कार्यालय, किया प्रदर्शन

**भैंसदेही, देशबन्धु।** विजयपुर मे अम्बेडकर की मूर्ति को तोड़ने एवं दलितों के साथ मारपीट कर उनकी फसलों को जलाने वालों पर कार्यवाही करने को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भैंसदेही ने ब्लॉक अध्यक्ष रानू ठाकुर के नेतृत्व मे एसडीएम कार्यालय पहुंचकर महामहिम राज्यपाल के नाम एसडीएम शैलेन्द्र हिनोथिया को ज्ञापन सौपा गया।



ज्ञापन में बताया गया की मध्यप्रदेश में विजयपुर विधानसभा का उपचुनाव 13 नवंबर 2024 को सम्पन्न हुआ, उक्त मतदान के दौरान भाजपा नेताओं एवं असामाजिक तत्वों ने मिलकर अनुचित कार्य करते हुए मतदान को प्रभावित करने के साथ-साथ हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया तथा रात में गोहटा गांव में बदमाशों ने दलित बस्ती में घुसकर तोड़फोड़ की तथा घरों में आगजनी की, उनकी फसलों में आग लगाकर नुकसान पहुंचाया गया एवं गांव में स्थापित संविधान रचियता डॉ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्ती को भी खंडित कर दिया। गोहटा गांव में आँतंक के कारण भय का वातावरण इस तरह निर्मित हो गया था कि ग्रामिणजन अपनी शिकायत लेकर थाने तक जाने में डर रहे थें और वे थाने भी नहीं पहुंच सके।

भाजपा प्रत्याशी तथा वनमंत्री रामनिवास रावत के पक्ष में मतदान ना होना मुख्य कारण हैं। क्योंकिं आदिवासी अंचल एवं जाटव समाज के लोंगों द्वारा भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में खुलकर प्रचार-प्रसार नहीं किया,यहां तक कि क्षेत्र में चर्चा व्याप्त रहीं कि उक्त समुदाय द्वारा कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान किया गया है इसलिए गुण्डों-बदमाशों को भेजकर गोहटा गांव में आतंक फैलाया गया, घरों में तोड़फोड़ की गई तथा बाबा साहेब की मूर्ति को खंडित कर दिया गया हैं जो कि निश्चित ही चिंताजनक होने के साथ-साथ निंदनीय हैं।मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से उपरोक्त ज्ञापन के माध्यम से निवेदन करते हुए मांग की जाती हैं कि विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के गोहटा गांव में हुए उप चुनाव के मतदान दिनांक 13/11/2024 के दौरान हिंसक गतिविधियों एवं बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा तोड़ने वालों के विरुद्ध तत्काल दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया जावे तथा गोहटा गांव के निवासियों को उचित पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई जावे तथा मध्यप्रदेश शासन को आगाह किया जावे कि प्रदेश में इस तरह की घटनाओं की पुर्नावृत्ति ना हो सके और दलित वर्ग सम्मान के साथ अपना जीवन यापन कर सके।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रानू ठाकुर ने कहा कि भाजपा राज में दलितों के साथ की जा रहीं हैं मारपीट महापुरुषों की तोड़ी जा रही है प्रतिमाएं ब्लॉक कांग्रेस इसका कड़ा विरोध करती हैं। ज्ञापन सौंपने वालों मे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रानू ठाकुर,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल छत्रपाल,पार्षद महेश थोटेकर,मोहित राठौर,सरपंच मंगेश सरियाम,आरीफ खान,श्रवण सिंह ठाकुर,प्रहलाद कोसे,राहुल उईके,सोनू सोनारे,सुखदेव घानेकर,दिनेश महाले,राजू महाले,नामदेव सोनारे, नीलेश महाले,नागेश बांगरे,गजानन अस्वार,रुपेश पाटनकर, कुशल अनेराव,निखिल देशमुख,मयूर बारस्कर,सुभाष मोहरे,प्रेमकुमार भुसुमकर,विक्रम सांडे,वामनराव जी, परवेज काबरा,अस्पाक काबरा,मयूर बारस्कर,देवेश आठवेकर,निकलेस कोसे,प्रफुल उइके,मंगलसिंग परते,नितेश कंगाले सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 5 दिवसीय भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

**बैतूल, देशबन्धु।** पूर्णा मेले में जयस (जय आदिवासी युवा शक्ति) द्वारा आयोजित 5 दिवसीय विशाल भंडारे का समापन हुआ। अंतिम दिन पूर्णा क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य राजा ठाकुर पहुंचे और आयोजक समिति को इस पुनीत कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्वयं अपने हाथों से श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की और भंडारे की प्रशंसा की। राजा ठाकुर ने कहा,मैं स्वयं पूर्णा मां का बेटा हूं। मेरे माता-पिता ने पूर्णा मां से मनोकामना पूर्ण होने पर परंपरा अनुसार मुझे पालने में छोड़कर मां की मान्यता का निर्वहन किया था। पूर्णा मां का आशीर्वाद जयस परिवार और भंडारा समिति पर हमेशा बना रहे, ऐसी मेरी प्रार्थना है।



जयस के सदस्य जामवन्त कुमरे ने बताया कि 5 दिवसीय भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। उन्होंने क्षेत्रवासियों और तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दीं और भंडारे को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में सुंदरलाल सोलंकी, कृष्णा झाड़े, अमृत सरियाम, दारासिंह सलामे, सोनू परते, तुलसी उइके, संतोष सरियाम, विजय अड़माचे, सतीश अड़माचे, मनीष मर्शकोले, दिनेश उइके, पोहर गांव से पंजाबराव कारे, दिनकर अड़लख, ज्ञानदेव बारस्कर, देवाजी गलफर, अशोक अड़लख, अमृतराव कापसे, सिहार गांव से शिवेंद्र पोटफोड़े, संतोष अड़माचे भिकुंड गांव से गणेश उइके, सालईढाना से सुनील कुमार मर्सकोले, अमित इरपाचे, रमेश मर्सकोले, परसराम बारस्कर (सरपंच), सुंदरलाल सोलंकी, दिनेश बारस्कर, हरि उइके, धारासिंह सलामे, रामसिंह सलामे, देवराव बारस्कर, दिनेश कुमरे का विशेष योगदान रहा। पूर्णा मेले में इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों ने जयस और आयोजक समिति के प्रति आभार प्रकट किया।

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाने किया प्रेरित



**बैतूल, देशबन्धु।** कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के तहत उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद के मार्गदर्शन में बैतूल में स्वीप प्लान के अंतर्गत विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से नए मतदाताओं का नाम जुड़वाने स्वीप आईकान शैलेंद्र बिहारिया, सोशल मीडिया स्वीप आईकान सुश्री तूलिका पचोरी के नेतृत्व में सर्वप्रथम नेहरू युवा केंद्र और आरडीए क्लासेस में युवाओं और समाज के प्रमुखों को वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 की जानकारी दी।

स्वीप आईकान शैलेंद्र बिहारिया ने पन्ना धाय की देश भक्ति का प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि एक मां जब अपनी मातृभूमि के लिए अपने पुत्र चंदन का बलिदान कर सकती है तो हम अपने देश के मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाता सूची में नाम क्यों नही जुड़ा सकते। उन्होंने फॉर्म नंबर छह, सात और आठ की जानकारी देकर नाम जोड़ना, कटवाना और संशोधन करने की जानकारी दी। उन्होंने सभी को वोटर आईडी कार्ड का महत्व बताया। इस अवसर पर तूलिका पचोरी ने बताया कि वोटर आईडी कार्ड का उपयोग कहा कहां किया जाता है। उन्होंने सभी अहर्तदायक युवाओं को प्राथमिकता से ऑन लाइन या ऑफ लाइन आवेदन करने अपील की। इस अवसर पर शिक्षक अशोक रघुवंशी ने भी सभी बच्चों को नाम जुड़वाने सहयोग की बात कही। उन्होंने सभी युवाओं से कहा कि अपने ग्रामों में जाकर पात्र युवाओं का आवेदन बूथ लेवल ऑफिसर के पास अवश्य कराएं।

# टैक्स भुगतान न करने पर होगी कुर्की की कार्यवाही

## जनपद पंचायत बैतूल में राजस्व अधिकारियों की बैठक

**बैतूल, देशबन्धु।** जनपद पंचायत बैतूल के सभाकक्ष में शनिवार को राजस्व अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए व्यापक राजस्व वसूली अभियान पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय में टैक्स जमा नहीं किया गया, तो नियमों के तहत कुर्की की कार्यवाही की जाएगी।



बैठक एसडीएम राजीव कहार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें नायब तहसीलदार श्यामसिंह उईके, राजकुमार उईके, तहसीलदार ऋचा कौरव उपस्थित रहीं। बैठक में प्रशासन ने जनता से अपील की कि वे नजूल टैक्स, डायवर्सन टैक्स का भुगतान शीघ्र करें, ताकि कुर्की जैसी कड़ी कार्यवाही से बचा जा सके। अधिकारियों ने बताया कि विलंब से भुगतान करने पर जुर्माना ब्याज भी देना होगा। पहले 12 महीनों के लिए 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज। 12 महीने के बाद 15 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज लागू होगा। इसलिए नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने हल्का पटवारी, राजस्व निरीक्षक, नजूल विभाग, डायवर्सन या तहसील कार्यालय से संपर्क कर समय पर अपने टैक्स जमा करें। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने और निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। जनता का सहयोग इसमें बेहद आवश्यक है। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जो लोग समय पर टैक्स जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कुर्की की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इसके तहत संपत्ति जब्त करने जैसे कदम उठाए जा सकते हैं। बैठक में राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इसमें क्षेत्रीय हल्का पटवारी, राजस्व निरीक्षक, और संबंधित तहसील अधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**15 दिसंबर तक चलेगा अभियान**- राजस्व विभाग द्वारा 15 दिसंबर तक राजस्व महाअभियान 3.0 का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार, यह अभियान राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों जैसे नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती और सीमांकन के त्वरित निराकरण के लिए चलाया जाएगा। साथ ही नए प्रकरण पर दर्ज करना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान योजना का सैचुरेशन, आधार को आरओआर से लिंक करना, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन, किसान रजिस्ट्री, और स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन भी इस अभियान के मुख्य उद्देश्य हैं। इसके तहत राजस्व अभिलेखों की त्रुटियां ठीक करने और लंबित मामलों को तेजी से हल करने पर जोर दिया जाएगा।

# राजस्व विभाग ने पांच ट्रैक्टर ट्राली एवं जेसीबी मशीन जप्त की

**बैतूल चिचोली, देशबन्धु।** क्षेत्र में बड़े पैमाने अवैध रूप से उत्खनन एवं परिवहन का किया जा रहा है । क्षेत्र में अवैध रूप से मुरम परिवहन एवं खनन का कार्य रुकने का नाम नहीं ले रहा है शनिवार को राजस्व विभाग द्वारा चिचोली तहसील क्षेत्र के बाँडी खापा गांव में अवैध रूप से मुरम खनन एवं परिवहन करते हुए पांच ट्रैक्टर ट्राली एवं जेसीबी जप्ती की कार्रवाई की है पाच ट्रैक्टर ट्राली जेसीबी मशीन को जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में पहुंचा है। यह कार्रवाई तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव एवं राजस्व टीम के द्वारा की गई।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव एवं राजस्व विभाग की टीम के भ्रमण दौरान चिचोली ब्लाक के बाडी खापा गांव में अवैध रूप से अवैध रूप से जेसीबी मशीन द्वारा मुरम मिट्टी का उत्खनन एवं ट्रैक्टर ट्रालियों से परिवहन किया जा रहा था इसके बाद तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर पाच ट्रैक्टर ट्रालियों पर एवं जेसीबी मशीन पर जप्ती की कार्रवाई की है मौके पर पंचनामा तैयार कर पाचो ट्रैक्टर ट्राली जेसीबी मशीन को पुलिस अभीरक्षा में खड़ा कराया है । इस कार्रवाई में तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव राजस्व निरीक्षक रमेश गायकवाड़ पटवारी मोरध्वज टिकमे , धनवंत उईके दीपक कुमार सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# सत्य साई बाबा की जन्म उत्सव पर निकली शोभायात्रा

**चिचोली, देशबन्धु।** श्री सत्य साई सेवा समिति चिचोली तत्वाधान में शनिवार को भगवान श्री सत्य साई बाबा का जन्म उत्सव उत्साह उमंग पूरी श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया इस दौरान नगर मे बाबा भव्य शोभायात्रा निकाली गई इसी के साथ बाल विकास महा मंगल आरती विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए।



सत्य साई बाबा जन्मोत्सव अवसर पर मालीपुरा के बजरंग मंदिर से भव्य बाबा शोभायात्रा निकाली गई जिसमें भक्त साई बाबा के भजन कीर्तन गाते हुए शोभायात्रा में शामिल रहे शोभायात्रा सोनी मोहल्ला ,बाजार चौक, भोला चौक ,बस स्टैंड, जयस्तभ चौक होते हुए वापस बीजासेन माता मंदिर पहुंची यहॉ वेद पाठ , कीर्तन ,बाल विकास बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम मे गणेश वंदना,गीत भजन गीतों पर भक्ति भाव के साथ संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत की गई , कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों द्वारा मार्गदर्शन महामंगल आरती का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में सत्य साई बाबा के भक्त मौजूद रहे कार्यक्रम में अंत मे भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ।

# राजस्व महाअभियान 3.0 में मिला न्याय

## तहसीलदार ने खोले 30 किसानों के रास्ते

**बैतूल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे राजस्व महाअभियान 3.0 के तहत बैतूल जिला कलेक्टर के निर्देश पर परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत चिचोली तहसील में तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव ने किसानों की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान किया।



ग्राम गोडूमंडई में लगभग 30 किसानों के खेतों तक जाने वाले परंपरागत रास्ते को एक अन्य किसान द्वारा अवरुद्ध कर दिया गया था। किसानों की शिकायत पर तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव ने मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 131 के तहत मौके पर पहुंचकर अवरुद्ध रास्ते को खुलवाया। इससे सभी प्रभावित किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने का रास्ता मिल गया।

**मोतीपुर और असाड़ी में किसानों ने दी भूमि** - ग्राम मोतीपुर में किसान राजबी पति नहींर खान और ग्राम असाड़ी में किसान मुन्ना पिता प्यारसिंग, नान्हू पिता प्यारसिंग, इमरत पिता सुखलाल, सुमरत पिता सुखलाल, रमेश पिता गंभीर, चाडी पिता गंभीर, जोंगे बेवा कोल्हू, दिनेश पिता कोल्हू, रामकली पिता कोल्हू, मुन्ना पिता पंचम ने धारा 173 के तहत अपनी निजी भूमि में से रास्ता देने की स्वेच्छा दिखाई। इन रास्तों के लिए भूमि शासन के पक्ष में दी गई, जिससे संपूर्ण ग्राम के किसानों को आवागमन की सुविधा प्राप्त हुई।

**किसानों ने जताया आभार**- परंपरागत रास्तों के बहाल होने से ग्रामीणों और किसानों ने राहत की सांस ली। इस कार्य के लिए किसानों ने शासन के राजस्व महाअभियान 3.0 की सराहना की और सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पीपी लीजेंड और डीसीए सीनियर ने जीते मैच

## आज का पहला मैच लाल बहादुर शास्त्री क्लब और नर्मदा पुरम, दूसरा मैच बैतूल अकादमी और सिंसियर इटारसी के मध्य होगा

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम कोठी बाज़ार में आयोजित स्व. बुधराव देशमुख एवं स्व. ठाकुर चंद्रचूड सिंह किलेदार स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को दो मुकाबले खेले गए।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन बैतूल के सचिव अनिल दत्त दीक्षित ने बताया कि व्हाइट डेवल के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। अतुल शर्मा के 20 हरिराम के 16 रन बनाकर स्कोर बोर्ड को लगातार चलाते रहे परंतु अचानक ही विकेटों का पतन शुरू हुआ और 52 रनों पर चार विकेट गिर गए। तब व्हाइट डेवल के सत्येंद्र कर्णधार बनकर उभरे और अपनी टीम का नाबाद रहते हुए 50 रन बनाए। टीम का पूरा स्कोर 20



ओवर में 145 रन बनाएं जबकि 6 विकेटों का पतन हुआ। पीपी लीजेंड की ओर से अर्शदीप और सुनील ने 22 विकेट लिए जबकि राहुल और अजय वरवड़े ने एक-एक विकेट लिए। 146 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीपी लीजेंड की शुरुआत अर्शदीप और सुनील मालवीय ने की और स्कोर तेजी से चलते रहे।6.2 ओवर में 78 रन बना दिए, आउट होने के पूर्व अर्शदीप के 54 और सुनील मालवी ने 42 रन बनाएं। दूसरा विकेट पलाश के रूप में जल्द गिर गया परंतु गौरांश ने 36 रनों की सहायता से तीन विकेटों के नुकसान पर लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर लिया। व्हाइट डेविल की ओर से अतुल, हरिराम और सत्येंद्र ने एक-एक विकेट लिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के शैलेश गुबरेले, करण प्रजापति और रमन ठाकुर ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अर्शदीप को ऑल राउंड प्रयास के लिए दिया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष जगेंद्र तोमर, कार्यकारी अध्यक्ष नितिन देशमुख ने बताया कि दूसरा मैच बैतूल अकादमी और डीसीए सीनियर के मध्य खेला गया। बैतूल अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसीए ने बहुत तेज शुरुआत की। प्रारंभिक बल्लेबाज आदर्श दुबे और भानू ने पहले विकेट के लिए 2.4 ओवर में 43 रन बनाएं। इस तेज शुरुआत के बाद दो विकेट क्रमशः 56 और 69 रनों पर गिरे तथा चौथा विकेट 72 रनों पर गिरा। इस रनों पर सभी बड़े बल्लेबाज पवेलियन जा चुके थे। इस समय मोहित झाबा और मनोज दहीकर ने डीसीए की नैया पार लगाने की जिम्मेदारी ली और लगातार रन बनाते रहे और स्कोर को 210 तक ले गए। मैन ऑफ द मैच मोहित झाबा ने 76 तथा मनोज दहीकर ने 68 रन बनाए। डीसीए ने कुल 6 विकेटों के नुकसान पर 218 रन बनाए। 219 रनों के भारी भरकम लक्ष्य का पीछा बड़ी ही तूफानी अंदाज में किया और 2.5 ओवर में पहला विकेट अंकित के रूप में गिरा। उन्होंने 14 गेंद पर 34 रन बनाए।

# हिन्दुत्व और गौ माता के मुद्दे ने महाराष्ट्र में दिलाई महाविजय: मालवीय

## महाराष्ट्र के बाद मध्यप्रदेश में भी गौ माता को %राज्य माता% बनाने की मांग तेज

**बैतूल, देशबन्धु।** महाराष्ट्र में गौ माता और हिन्दुत्व के मुद्दे ने भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई है। महाराष्ट्र सरकार द्वारा गौ माता को 'राज्य माता' का दर्जा दिए जाने के बाद अब यह मांग मध्यप्रदेश में भी जोर पकड़ रही है। राष्ट्रीय हिन्दू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय ने बताया कि राष्ट्रीय हिन्दू सेना का प्रतिनिधि मंडल जल्द ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में भी गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने का आग्रह करेगा।

**महाराष्ट्र का निर्णय बना चुनावी सफलता का कारण**- दीपक मालवीय ने जानकारी दी कि महाराष्ट्र में श्रीश्री 1008 अविमुक्तेश्वरानंद के सानिध्य में चलाए गए राष्ट्रव्यापी अभियान के परिणामस्वरूप गौ माता को 'राज्य माता' का दर्जा दिया गया। इस ऐतिहासिक निर्णय ने महाराष्ट्र के चुनाव परिणामों पर बड़ा प्रभाव डाला, जहां भाजपा ने संपूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाई। उन्होंने बताया कि अविमुक्तेश्वरानंद जी ने पूरे भारत में भ्रमण कर गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए जनजागरण अभियान चलाया। इसी अभियान के तहत महाराष्ट्र सरकार ने यह साहसिक कदम उठाया और गौ माता को राज्य माता घोषित किया।



**मध्यप्रदेश में भी बढ़ी मांग**- दीपक मालवीय ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी जनता गौ माता को राज्य माता घोषित करने की मांग कर रही है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय हिन्दू सेना के सभी पदाधिकारी जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस मांग को सरकार के सामने रखेंगे। दीपक मालवीय ने कहा कि गौ माता हमारी संस्कृति और परंपरा की पहचान हैं। उनका मानना है कि महाराष्ट्र की तरह मध्यप्रदेश में भी गौ माता को राज्य माता' का दर्जा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कदम से हिन्दू समाज की भावनाओं का सम्मान होगा, इससे हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी मजबूती मिलेगी।

**राष्ट्र माता के दर्जे के लिए राष्ट्रीय अभियान जारी**- मालवीय ने बताया कि राष्ट्रीय हिन्दू सेना का उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर पर गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना है। इसके लिए संगठन देशभर में जागरूकता अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में मिली सफलता के बाद यह अभियान और तेज किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि महाराष्ट्र की तरह एक ऐतिहासिक निर्णय लेकर गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिया जाए। उन्होंने कहा कि हिन्दुत्व और गौ माता के मुद्दे ने महाराष्ट्र में चुनावी समीकरण बदले हैं, और यही बदलाव मध्यप्रदेश में भी देखने को मिलेगा।

भाजपा ने प्रदेश कार्यालय में मनाया विजय उत्सव, नेताओं ने कहा-

# मोदी के प्रति जनता के विश्वास की जीत



**भोपाल, देशबन्धु।** महाराष्ट्र में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर आज भाजपा के प्रदेश कार्यालय में विजय उत्सव मनाया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने महाराष्ट्र विधानसभा व देश के अन्य राज्यों में हुए उपचुनावों में भाजपा को मिली विजय पर मनाए गए विजय उत्सव में शामिल होकर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। इस दौरान भाजपा कार्यालय के बाहर जमकर आतिशबाजी चलाई गई, वहीं पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, श्रीमती कृष्णा गौर, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह जादौन, महापौर श्रीमती मालती राय, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र शर्मा, जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अनिल पटेल, दीपक जैन टीनू, प्रदेश प्रवक्ता सुश्री नेहा बग्गा, गुलरेज शेख, अजय सिंह यादव, हीरेन्द्र बहादुर सिंह, श्रीमती शशि सिन्हो, सुश्री सरिता देशपाण्डे सहित प्रदेश, जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### उद्धव ने तोड़ा था गठबंधन, जनता से सबक सिखाया : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महाराष्ट्र का चुनाव कई मायनों में उद्धव ठाकरे की शिवसेना व शरद पवार की एनसीपी के लिए सबक है। उन्होंने कहा कि सिर्फ कुर्सी के लालच में उद्धव ठाकरे ने उस कांग्रेस और एनसीपी से गठजोड़ किया था, जिससे स्व. बाला साहेब ठाकरे आजीवन संघर्ष करते रहे। डॉ. यादव ने कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने भाजपा को प्रचंड समर्थन देकर 2019 का बदला भी ले लिया है। उस समय जनता ने भाजपा-शिवसेना को बहुमत दिया था, लेकिन कांग्रेस ने अपनी तिकड़मबाजी के जरिए सत्ता पर कब्जा कर लिया था। अब महाराष्ट्र की जनता ने भाजपा और उसके सहयोगियों के पक्ष में स्पष्ट जनादेश देकर अपना निर्णय दे दिया है कि उस समय जो कुछ किया गया था, वह गलत था। उन्होंने कहा कि हरियाणा से लेकर महाराष्ट्र तक देश की जनता का समर्थन भाजपा को मिल रहा है और देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार आशीर्वाद दे रही है। दूसरी तरफ, कांग्रेस ने पहले देश खोया, अब प्रदेश भी खो रही है।

### मप्र के कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र की जीत में निभाई अहम भूमिका : शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मध्यप्रदेश भाजपा की टीम भी लगी हुई थी। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी सहित हमारे प्रदेश के कई नेता महाराष्ट्र के चुनाव में लगे हुए थे। महाराष्ट्र चुनाव में मेहनत करने वाले मध्यप्रदेश के कार्यकर्ताओं को भी जीत की बधाई देता हूं। झारखंड में भी जनता ने हमें आशीर्वाद देने का कार्य किया है। डॉ. यादव के नेतृत्व में भाजपा 2028 की तैयारी शुरू कर रही है। मैं विधानसभा चुनाव और उपचुनावों में मिली जीत पर आप सभी कार्यकर्ताओं को एक बार फिर सभी को बहुत-बहुत बधाई देते हुए आप सभी का अभिनंदन करता हूं।

आईब्रो - ग्राम बरखेड़ी डोब में हुआ भूमि-पूजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री बोले-

# जिसके घर में गाय का कुल, वह घर गोकुल



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बिना धर्म, भाषा, जाति और क्षेत्र के भेदभाव के हमें गौ-पालन को प्रोत्साहित करना है। परंपरागत रूप से भी भारत में सभी धर्म और जाति के लोग गौ-पालन करते हैं और यही हमारी सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गौ-माता में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास है। जो भी गोवंश का पालन करे वही गोपाल है, जिसके घर में गाय का कुल वह घर गोकुल है। मुख्यमंत्री भोपाल के ग्राम बरखेड़ी डोब में 10 हजार गायों की क्षमता वाली हाईटेक गौ-शाला के भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्व के अधिकांश देशों में दुग्ध की आपूर्ति गौ-माता ही करती हैं। बदलती जीवनशैली में गौ-शालाओं का महत्व निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष में अब तक 3 सौ गौ-शालाओं का पंजीयन हुआ है। डॉ. यादव ने कहा घर-घर बछिया उपलब्ध कराकर दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाएगा। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार शीघ्र ही दुग्ध उत्पादन पर बोनस देने की व्यवस्था कर रही है। वर्तमान में मध्यप्रदेश, देश के कुल दुग्ध उत्पादन में 9 प्रतिशत का योगदान देता है। इसे अगले 5 वर्ष में 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है।

उन्होंने ने शासकीय विद्यालय सूखी सेवनिया को सीएम राइज विद्यालय बनाने और सूखी सेवनिया रोड को विभागीय मद अनुसार फोरलेन बनाने की घोषणा की। डॉ. यादव ने कहा कि बरखेड़ी डोब क्षेत्र को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के माध्यम से गौ-माता से संबंधित डिग्री-डिप्लोमा कोर्स आरंभ किया जाएगा। डॉ. यादव ने हाईटेक गौ-शाला भूमि-पूजन स्थल पहुंचने पर सर्वप्रथम गौ-माता को दुलार कर नमन किया तथा उन्हें आहार सामग्री अर्पित की। यहां प्रदेश में गोवंश संरक्षण और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए संचालित गतिविधियों पर लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

स्वामी अच्युतानंद ने गौ-संरक्षण एवं गौ-संवर्धन के क्षेत्र में प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकार अल्प समय में प्रदेश में लगभग 50 हजार गायों के पालन-पोषण की व्यवस्था की है और प्रदेश की लाखों गायों की देखभाल का संकल्प लिया है। प्रदेश सरकार इस वर्ष गौ-संवर्धन वर्ष के रूप में मना रही है। आज यहां गोलोक धाम की स्थापना इसी कड़ी में एक सार्थक प्रयास है। हमें प्रयास करने चाहिए कि हर घर में एक गाय रहे। गौ-माता के बिना घर सूना होता है। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं, युवा, किसानों, मजदूर, वरिष्ठ जन के कल्याण के लिए समर्पित है। राज्य सरकार द्वारा गौ-वंश के संरक्षण के लिए व्यापक स्तर पर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री का अधोसंरचना विकास, शिक्षा, चिकित्सा सहित प्रदेश के समग्र विकास के लिए सक्रिय हैं। पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने आभार व्यक्त किया।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, पशुपालन व डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रामकुंवर नौरंग सिंह गुर्जर सहित जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

50 बिस्तरीय अत्याधुनिक अस्पताल स्वस्ति का लोकार्पण, मुख्यमंत्री ने पुलिस की सराहना की बोले-

# शहीद पुलिसकर्मियों ने 'देशभक्ति -जन सेवा के संदेश' ध्येय वाक्य को सचमुच जिया




### ई-रक्षक और दिशा लर्निंग एप किए लोकार्पित

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पुलिस जितनी सजगता और कर्तव्य परायणता के साथ काम करती है, उससे, उनके प्रति सम्मान और आदर में ओर अधिक वृद्धि हो जाती है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब इस बीमारी से अनजान बड़े-बड़े डॉक्टर्स ने अपने क्लीनिक बंद कर दिए थे, तब उन परिस्थितियों में भी पुलिस ने अपनी जान की परवाह न करते हुए मोर्चा संभाला। कोरोना काल में ड्यूटी करते हुए 155 पुलिसकर्मी शहीद हुए।

उन्होंने कहा कि सच्चे मायने में 'देशभक्ति - जन सेवा' के संदेश को जिया और कर्तव्य की बलिवेदी पर प्राण न्यौछावर कर दिए। मैं सैल्यूट करता हूं, ऐसे जांबाज योद्धाओं को। डॉ. यादव शनिवार को भोपाल में अत्याधुनिक सर्व-सुविधायुक्त पुलिस चिकित्सालय 'स्वस्ति' के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मैदानी पुलिसकर्मियों को अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण करने की दृष्टि से निर्मित डिजिटल एप ई-रक्षक और दिशा लर्निंग ऐप को भी लोकार्पित किया। डॉ. यादव ने कहा कि लगभग साढ़े 12 करोड़ की लागत से बने इस अत्याधुनिक अस्पताल 'स्वस्ति' में सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। पुलिस विभाग के वित्तीय प्रबंधन और अनुशासन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि अस्पताल को देखकर लगता है कि इसकी लागत और अधिक होनी चाहिए थी। कार्यक्रम की शुरुआत में पुलिसकर्मियों की बेटियों ने डॉ. यादव का तिलक लगाकर स्वागत किया। डॉ. यादव को पुलिस बैंड के साथ हर्ष फायर कर दी सलामी। उन्होंने अस्पताल का निरीक्षण कर विजिटर बुक में अपने विचार अंकित किए।

### 40 हजार पुलिसकर्मियों को मिला कर्मवीर योद्धा पदक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने म.प्र. पुलिस के 40 हजार पुलिसकर्मियों को कोरोना काल में अदम्य साहस और सराहनीय कार्य के लिए कर्मवीर योद्धा पदक से सम्मानित करते हुए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सांकेतिक रूप से 5 पुलिसकर्मियों को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यवाहक निरीक्षक मुनेंद्र गौतम, उप निरीक्षक सुश्री प्रियम्वदा सिंह, गुलजार सिंह मार्को, आरक्षक अजय पाल सिंह और आरक्षक निशांत छारी को पदक एवं प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। डॉ. यादव ने पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना की सराहना करते हुए कहा कि विभाग का मुखिया ऐसा ही होना चाहिए है, जिस प्रकार से उन्होंने पुलिसकर्मियों के हित में स्वयं आगे होकर काम किए हैं।

### अब डंडे से नहीं डेटा से काम करेगी पुलिस : सक्सेना

पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने 'ई-रक्षक ऐप' के संबंध में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कांफ्रेंस में अपने संबोधन में कहा था कि 'इस इलेक्ट्रानिक युग में पुलिस को डंडे के बजाय डेटा से काम करने की आवश्यकता है।' उनकी मंशा अनुरूप एमपी ई-रक्षक ऐप द्वारा पुलिसकर्मियों को आदतन अपराधियों की जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध हो जाएगी। पुलिसकर्मी अपने ड्यूटी क्षेत्र में रहने वाले आदतन अपराधियों की जानकारी एक साथ देख सकेंगे। गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्ति के नाम को अपराधी के डेटाबेस में सर्च किया जा सकेगा। इस ऐप का भोपाल, इंदौर तथा अन्य जिलों में चरणबद्ध तरीके से ट्रॉयल रन प्रारंभ किया गया है।

# विजयपुर जीत पर कांग्रेसजनों ने मनाया जश्न, आतिशबाजी की



**भोपाल, देशबन्धु।** श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा में कांग्रेस को मिली अप्रत्याशित जीत और बुधनी में एक लाख से अधिक मतों का अंतर को समाप्त कर बड़ी लीड मिलने पर कांग्रेसजनों ने जश्न मनाया है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने जहां आतिशबाजी चलाकर अपनी खुशी का इजहार किया, वहीं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर आपस में एक-दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने विजयपुर में कांग्रेस को मिली जीत और बुधनी में एक लाख से अधिक मतों के अंतर को समाप्त कर वहां की जनता जर्नादन ने भाजपा और सरकार को करारा जबाव दिया है। श्री नायक ने कहा कि दल बदलुओं, निरंकुश और स्वेच्छाचारी सरकार के खिलाफ बड़ा संकेत है, इस जीत से पूरे प्रदेश को फायदा होगा, विपक्ष का मजबूत होना लोकतंत्र में बहुत जरूरी है और उसका संदेश विजयपुर की जनता ने दिया है। उन्होंने विजयपुर के मतदाताओं के साथ ही कार्यकर्ताओं का भी आभार माना है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में इस दौरान कांग्रेस के राजीव सिंह, हेमंत कटारे, डॉ. संजय कामले, जे.पी. धनोपिया, रवि सक्सेना, फरहाना खान, गोपिल, गोर्की बैरागी, राजकुमार केलू उपाध्याय, प्रदीप अहिरवार, विक्रम चौहान, अभिनव बरोलिया, रवि वर्मा सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# रावत की हार से कांग्रेस में खुशी की लहर

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में हुए उपचुनाव में विजयपुर से भाजपा प्रत्याशी वनमंत्री राम निवास रावत की हार और कांग्रेस उम्मीदवार मुकेश मल्होत्रा की जीत से कांग्रेस में खुशी की लहर है। जितनी खुशी कांग्रेस उम्मीदवार की जीत की है, उससे ज्यादा खुशी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में वनमंत्री का पद पाने वाले श्री रावत की हार से हुई।

ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस विधायक राम निवास रावत ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। जिसके बाद उन्हें प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल में वन मंत्री के पद से नवाजा गया था। श्री रावत ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद हुए उप चुनाव में भाजपा ने उन्हें विजयपुर विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित कर दिया। उनके खिलाफ कांग्रेस ने मुकेश मल्होत्रा को प्रत्याशी बनाया। उप चुनाव के आज आए परिणाम में कांग्रेस प्रत्याशी श्री मल्होत्रा ने रामनिवास रावत पर 7364 वोटों से जीत दर्ज की।

### पटवारी ने कहा, कार्यकर्ताओं और मतदाताओं की जीत

कांग्रेस उम्मीदवार मुकेश मल्होत्रा की जीत पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा, विजयपुर की जीत वहां के जागरुक मतदाताओं और कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता की जीत है। यह संविधान की जीत है, लोकतंत्र की जीत है। मतदाताओं ने यह चुनाव जिताकर सरकार को नींद से जगाने का काम किया है, जिसका लाभ पूरे प्रदेश की जनता को मिलेगा। वहीं विपक्ष को भी ताकत मिली है, विपक्ष को भी पूरी ताकत के साथ जनता के हक और अधिकारों की लड़ाई लड़ने में शक्ति मिलेगी। कांग्रेस महासचिव प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह ने प्रदेश के विजयपुर में मिली अप्रत्याशित जीत पर मतदाताओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

### गद्दारों के लिए सबक : कमलनाथ

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने विजयपुर विधानसभा उपचुनाव में शानदार जीत दर्ज करने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा को शुभकामनाएं दी। कमलनाथ ने कहा यह जीत कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की मेहनत की जीत है और कांग्रेस से गद्दारी करने वालों के लिए सबक है।

उद्यानकी मंत्री नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय कृषि मेले में हुए शामिल

# मप्र में खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए बेहतर माहौल



**भोपाल, देशबन्धु।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह शनिवार को नागपुर में एग्रोविजन राष्ट्रीय कृषि मेले में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है। मध्यप्रदेश में खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए बेहतर माहौल है। उन्होंने कहा कि खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में काम करने वाली इकाइयों को केंद्र के साथ राज्य सरकार भी विशेष अनुदान मुहैया कराती है।

**उद्यानिकी की फसलों के उत्पादन में मध्यप्रदेश देश का अग्रणी**

मंत्री श्री कुशवाह ने कृषि मेले में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट की और मेले के आयोजन को कृषकों के हित में बताया। उन्होंने कहा कि एग्रोविजन मेले में स्टार्टअप्स एवं नवीन तकनीकियों, उन्नत खाद्य एवं बीज, कृषि उपकरणों के प्रदर्शन के साथ किसान भाईयों और उद्यमियों को नवीन इकाइयों की स्थापना के लिये शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इससे वे योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि इस तरह के मेले देश के अन्य राज्यों में भी आयोजित किया जाना चाहिए।

मंत्री श्री कुशवाह ने राष्ट्रीय कृषि मेले में शामिल हुई विभिन्न इकाइयों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर, उन्हें मध्यप्रदेश आने का आमंत्रण दिया। श्री कुशवाह ने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्यानिकी के क्षेत्र में प्रचुर संभावनाएं हैं। वर्ष 2023-24 में 4.30 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में उद्यानिकी फसलों की बोनी की गई, इसमें 96 लाख 11 हजार मीट्रिक टन से अधिक उद्यानिकी फसलों का उत्पादन हुआ है, जो रिकॉर्ड है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश देश में संतरा, टमाटर, धनिया, लहसुन और मसाला फसलों के उत्पादन में प्रथम स्थान रखता है। राज्य सरकार खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में करने वाली इकाइयों को प्रोत्साहित कर रही है, मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत 5 वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है इस कारण भारत सरकार द्वारा प्रदेश में इस योजना की अवधि एक वर्ष और बढ़ा दी गई है अब यह योजना प्रदेश में मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगी। योजना में खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में काम करने वाली निजी इकाइयों को 35 प्रतिशत या अधिकतम 10 लाख रुपए तक अनुदान दिया जाता है

इस अवसर पर प्रमुख सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण अनुपम राजन, आयुक्त हथकरघा एवं प्रबंध संचालक संत रविदास हस्तशिल्प विकास निगम मदन बिभीषण नागरगोजे सहित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

# हम होंगे कामयाब अभियान कल से, मंत्री भूरिया करेंगी शुभारंभ

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर जेंडर आधारित हिंसा की रोक थाम के लिए जागरूकता अभियान हम होंगे कामयाब 25 नवम्बर से 10 दिसंबर तक चलाया जाएगा। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया 25 नवंबर को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर से प्रात:10 बजे इस अभियान की शुरुआत करेगी। जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान के तहत महिला सुरक्षा संवाद विषय पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला 25 एवं 26 नवंबर को आयोजित की गई है।

कार्यशाला में सरकारी समन्वय और हितधारकों की जिम्मेदारी के माध्यम से जेंडर आधारित हिंसा का समाधान, सामुदायिक पुलिसिंग, महिला सुरक्षा में सहयोगी दृष्टिकोण, जेंडर आधारित हिंसा को समझना और स्थानीय कार्यान्वयन के लिए कार्य योजनाओं का विकास, पीड़ितों के लिए समर्थन प्रणाली को मजबूत करना, वन स्टॉप सेंटर की भूमिका और मनोवैज्ञानिक प्रभाव, महिला सुरक्षा को बढ़ावा देना त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र के माध्यम एम पी डायल 100 से अंतर्दृष्टि, महिलाओं की सुरक्षा कानूनों और नीतियों की समझ जैसे विषयों पर पहले दिन विषय विशेषज्ञों के साथ चर्चा होगी। कार्यशाला के दूसरे दिन युवाओं की भूमिका बदलाव के वाहक, पीड़ितों के लिए समर्थन प्रणाली को मजबूत करना, वन स्टॉप सेंटर की भूमिका, तकनीक आधारित जेंडर हिंसा की समझ तथा विश्वविद्यालय स्तर पर महिला सुरक्षा उपाय जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

अपर मुख्य सचिव ऊर्जा ने की विद्युत कंपनियों की समीक्षा, दिए निर्देश

# आरडीएसएस के कार्य निर्धारित समय में गुणवत्ता से पूर्ण हों

**भोपाल, देशबन्धु।** अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष नीरज मंडलोई ने जबलपुर प्रवास के दौरान एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी, पॉवर जनरेटिंग कंपनी, पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी व पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यों की समीक्षा की। एसीएस श्री मंडलोई ने विद्युत की मांग व आपूर्ति की स्थिति, पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा रिवेम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम में क्रियान्वित किए जा रहे कार्यों, ताप विद्युत उत्पादन और अति उच्चदाब सब-स्टेशन व पारेषण लाइनों के लोड की जानकारी ले कर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी, पॉवर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह व पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी, पूर्व क्षेत्र कंपनी की सीजीएम नीता राठौर, पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के सीजीएम राजीव गुप्ता, पॉवर जनरेटिंग कंपनी के सीजीएम दीपक कश्यप सहित विद्युत कंपनियों के वरिष्ठ अभियंता उपस्थित थे। एसीएस ऊर्जा श्री मंडलोई ने बैठक में प्रदेश में विद्युत की मांग व आपूर्ति स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अगले पांच वर्षों में स्थापित होने वाले विद्युत परियोजनाओं और विद्युत उपलब्धता पर गहन चर्चा की।

### आरडीएसएस कार्यों की हो सतत् मॉनीटरिंग

एसीएस श्री मंडलोई ने कहा कि आरडीएसएस के अंतर्गत निर्धारित समय में स्मार्ट मीटरों व केपेसिटर बैंक की स्थापना और वितरण हानियों को कम करने का कार्य त्वरित गति से किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आरडीएसएस के कार्यों की गुणवत्ता की सतत् मॉनीटरिंग की जाए।

### ताप विद्युत गृह क्षमता का करें भरपूर उपयोग

एसीएस श्री मंडलोई ने कहा कि पॉवर जनरेटिंग कंपनी के ताप व जल विद्युत गृह अपनी क्षमता का भरपूर उपयोग करते हुए बिजली उत्पादन करें। उन्होंने कहा कि रबी सीजन में विद्युत गृहों से सतत् व गुणवत्तापूर्ण विद्युत उत्पादन सुनिश्चित किया जाए। एसीएस श्री मंडलोई ने कहा कि पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी गुणवत्तापूर्ण वोल्टेज से निर्बाध बिजली आपूर्ति की गति को बरकरार रखे और प्रदेश में निर्माणाधीन विद्युत परियोजनाओं में उत्पादित होने वाली विद्युत पारेषण के लिए अपने कार्य प्राथमिकता से निर्धारित समय में पूर्ण करे।

# प्रमुख सचिव और आयुक्त भी करें उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण : राजपूत

**भोपाल, देशबन्धु।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के मिलिंग नीति की समीक्षा की। उन्होंने अफसरों को कड़े निर्देश दिये कि उपार्जन के दौरान या उसके बाद होने वाली गड़बड़ियों को रोकने के लिए विभाग के प्रमुख सचिव और आयुक्त उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण करें। मंत्रालय में प्रस्तावित मिलिंग नीति की समीक्षा करते हुए खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि व्यवस्था में सुधार लाने के लिए अफसर कड़े निर्णय लेने से गुरेज न करें। व्यवस्था में सुधार लाने के लिए किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनिमितता पाये जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करें। उपार्जन में गड़बड़ी रोकने के लिए उड़न दस्ता गठित करें। उड़नदस्ता औचक रूप से उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि मैदानी स्तर पर जिला प्रबंधक नियमानुसार कार्य करने में कोई कोताही न बरतें।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन**, फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।